


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 168 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 2 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### आचार संहिता लागू होने के बाद जांच अभियान हुआ तेज, 28 करोड़ की नगदी और वस्तुएं जब्त

**रायपुर।** राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 31 मार्च तक की स्थिति में 28 करोड़ 34 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें 8 करोड़ 12 लाख रुपए की नगद राशि शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 31 मार्च तक 22 हजार 775 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 52 लाख रुपए है। साथ ही 1 करोड़ 52 लाख रुपए कीमत की 827 किलो अन्य नशीली वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। सघन जाँच अभियान के दौरान 94 लाख रुपए कीमत के 23.15 किलोग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां, जिनकी कीमत 17 करोड़ 24 लाख रुपए है, भी जब्त की गई हैं।

### अचानक बंद हो गई रोपवे, 10 मिनट तक हवा में लटके रहे कलेक्टर संजय अग्रवाल

**राजनांदगांव।** चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी मोहित गर्ग धर्मनगरी डोंगरगढ़ पहुंचे। इस दौरान मां बम्लेश्वरी मंदिर रोपवे का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर और एसपी अव्यवस्था के शिकार हो गए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ऊपर मंदिर दर्शन करने रोपवे से ऊपर जा रहे थे जैसे ही ट्रॉली बीच पहाड़ी में पहुंची तभी बिजली गुल हो गई। बिजली गुल होने से रोपवे में बैठे कलेक्टर की ट्राली 5 से 10 मिनट तक हवा में लटकती रही। बाद मे जनरेटर चालू कर कलेक्टर मंदिर पहुंचे वहीं इसे मॉकड्रिल भी बताया जा रहा है। राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ पहुंच कर कलेक्टर ने अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक लेने के बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग और डोंगरगढ़ एसडीएम ऊपर मंदिर दर्शन करने रोपवे से ऊपर जा रहे थे। जैसे ही ट्रॉली बीच पहाडी में पहुंची तो बिजली गुल हो गई।



# पहले चरण के लिए बस्तर तैयार मोदी और राहुल के दौरे हुए तय



श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में छत्तीसगढ़ की बस्तर सीट पर 19 अप्रैल को वोटिंग होनी है। इसके लिए राजनीतिक दलों का अभियान उफान पर है। भाजपा के चुनाव अभियान को गति देने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी का दौरा तय किया गया है, वहीं कांग्रेस से राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी चुनावी माहौल में रंग भरने आ रहे हैं। पीएम मोदी की सभा के जरिए भाजपा बस्तर के साथ ही कांकेर सीट को भी साधने की जुगत में है। हालांकि पार्टी का पूरा जोर बस्तर पर ही है क्योंकि यह सीट फिलहाल कांग्रेस के कब्जे में है। उसने अपने वर्तमान सांसद दीपक बैज का टिकट काटकर 6 बाद के विधायक कवासी लखमा को प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा ने महेश कश्यप को चुनाव मैदान में उतारा है। इस बार बस्तर सीट के लिए दोनों दलों में कड़ी टक्कर की संभावना जताई जा रही है।**

कांग्रेस के लिए बस्तर सीट को बरकरार रखना बड़ी चुनौती है। ऐसे समय में और भी ज्यादा जबकि भाजपा अपने इस पुराने गढ़ को दोबारा वापस पाने का संकल्प लेकर मुकाबले में डँटी हुई है। बस्तर सीट पर करीब 65 फीसद मतदाता आदिवासी हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 8 विधानसभा सीटों में से 5 पर भाजपा तो 3 पर कांग्रेस के विधायक हैं। लगभग 30 लाख की आबादी वाले बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 14 लाख 66 हजार से अधिक मतदाता हैं। उल्लेखनीय है कि 1980 से 1996 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा था। 1998 से 2019 तक सीट लगातार भाजपा के कब्जे थी। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को हराकर सीट दोबारा हथिया ली थी। अब भाजपा इस सीट को वापस पाने के लिए जोर आजमाइश कर रही है। मोदी के साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे की भी योजना बनाई जा रही है।

### 17 अप्रैल को थमेगा प्रचार

बस्तर में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव है और इसके पहले 17 अप्रैल रामनवमीं के दिन चुनाव प्रचार थम जाएगा। प्रधानमंत्री की चुनावी जनसभा के बाद 14 से 16 अप्रैल के बीच रामनवमीं से पहले उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी जनसभा आयोजित करने का प्रस्ताव प्रदेश भाजपा ने किया है। विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए योगी आदित्यनाथ ने बस्तर संभाग में दो स्थानों सुकमा और बस्तर में चुनावी सभा की थी। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित बस्तर की दोनों सीटों पर भाजपा की पैनी नजर है। हालांकि कांकेर लम्बे समय से भाजपा के लिए अजेय सीट रही है, ऐसे में ज्यादा फोकस बस्तर पर किया जा रहा है। विगत लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 2 सीटें जीती थी, जिनमें से एक बस्तर थी। भाजपा की मंशा कांग्रेस से इस सीट को हथियाने की है। इसी रणनीति के तहत मोदी और योगी के दौरे तय किए जा रहे हैं।

### मुकाबला भाजपा-कांग्रेस में ही

बस्तर लोकसभा सीट के लिए कुल 11 प्रत्याशी मैदान में हैं, लेकिन यहां मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही माना जा रहा है। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, राजनीतिक माहौल भी गरमाने लगा है। प्रचार में दोनों दल जुट चुके हैं। हालांकि पहले प्रत्याशी घोषित करने का लाभ उठाते हुए भाजपा जनसंपर्क में भी फिलहाल आगे चल रही है। कांग्रेस भी जनता के बीच प्रचार को गति देने की रणनीति तैयार कर चुकी है। कांकेर में दूसरे चरण में मतदान होना है। वहां भी माहौल जोर पकड़ने लगा है। उत्तर बस्तर की अपेक्षा दक्षिण-मध्य बस्तर में मतदाता जागरूकता कम है। यही वजह है कि कांकेर लोकसभा में बस्तर क्षेत्र की तुलना में मतदान का प्रतिशत अधिक रहता है। हालांकि जिला निर्वाचन कार्यालय इस बार बस्तर में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए जागरूक कर रहा है। इस क्षेत्र में नक्सलियों के प्रभाव के चलते भी कम वोटिंग होती है। क्षेत्र में चुनाव से पहले ही नक्सली सक्रिय हैं। सुरक्षाबलों के साथ उनकी लगातार मुठभेड़ चल रही है। पुलिस प्रशासन नक्सलियों को ठिकाने में जुटा है।

### कोंडागांव में हो सकती है मोदी की सभा

पीएम मोदी की बस्तर में चुनावी सभा की तैयारी शुरू हो गई है। सभा के लिए पार्टी के केंद्रीय संगठन से प्रदेश भाजपा को मिली मौखिक सूचना में आठ अप्रैल की संभावित तिथि बताई गई है। प्रधानमंत्री की चुनावी सभा के लिए कोंडागांव और नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में से किसी एक स्थल किया जाएगा। पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री ने तीन अक्टूबर को जगदलपुर में बड़ी सभा की थी इसलिए इस बार नए स्थल पर विचार किया जा रहा है। इसके पहले पांच अप्रैल को भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा बस्तर पहुंच सकते हैं। मोदी की सभा में एक लाख की भीड़ जुटाने का लक्ष्य तय किया गया है। बस्तर में जहां पहले चरण में 19 अप्रैल को वोटिंग होनी है, वहीं साथ लगे कांकेर क्षेत्र में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा चाह रही है कि मोदी की एक सभा के जरिए दोनों क्षेत्रों को प्रभावित किया जाए।

### करोड़पति हैं कांग्रेस प्रत्याशी लखमा

कांग्रेस द्वारा प्रत्याशी बनाए गए कवासी लखमा करोड़पति हैं। उनके पास 1.63 करोड़ की सम्पत्ति है। वहीं भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के पास 30.86 लाख की कुल सम्पत्ति है। कवासी के 3 बैंक खातों में 8.20 लाख रुपए जमा हैं। इसके अलावा एक कार है, जिसकी कीमत 4 लाख रुपए बताई गई है। 130 ग्राम सोना और 550 ग्राम चांदी है, जिसकी कुल कीमत 4.85 लाख है। भाजपा के प्रत्याशी के द्वारा निर्वाचन आयोग में जो दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं, उसके अनुसार महेश कश्यप के पास कुल 17.50 लाख की अचल संपत्ति है। इसके अलवा उनके पास एक कार 70 हजार, लोडर (5 लाख) और एक ट्रॉली 42 हजार की है। बैंक खातों की बात करें तो कश्यप के नाम पर 6 बैंक खाते हैं, जिनमें कुल 3 हजार 725 रुपए जमा हैं। आभूषणों की बात करें तो महेश के पास 57 ग्राम सोना और 100 ग्राम चांदी है, जिनकी कुल कीमत 3.47 लाख है। इसके अलवा उनके पास 7.88 एकड़ अचल संपत्ति है।

# छत्तीसगढ़ में कभी चुनौती पेश नहीं कर पाया तीसरा मोर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क




### लोकसभा में दम आजमाने की कभी नहीं की कोशिश

लोकसभा चुनाव से लेकर विधानसभा चुनाव तक में गोंगपा अपने प्रत्याशी उतारती रही है। गोंगपा को न तो विधानसभा में सफलता मिली, न ही लोकसभा चुनावों में। अविभाजित मध्यप्रदेश में जरूर एक बार गोंगपा ने विधानसभा की 17 सीटें जीती थी। वहीं, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जब बनी तो कुछ विधायक उसके जीतकर विधानसभा पहुंचे। पार्टी ने अपनी ताकत का अहसास करते हुए कभी लोकसभा के मैदान में अपना दम आजमाने की कोशिश नहीं की।

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में अबतक का जो सियासी ट्रेंड रहा है उसमें छत्तीसगढ़ में कभी भी तीसरे मोर्चे को कामयाबी नहीं मिली है। यहां तक की वह अब तक बीजेपी और कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती भी नहीं बन पाया है। जोगी कांग्रेस का जब जन्म हुआ तो उसने प्रदेश में तीसरा विकल्प बनने की कोशिश जरूर की। जोगी कांग्रेस की वो कोशिश भी नाकाम साबित हुई। बसपा ने जोगी कांग्रेस के साथ गठबंधन भी किया लेकिन वो भी छत्तीसगढ़ में सफल नहीं हुआ।

लोकसभा चुनाव के परिदृष्य में देखा जाए तो तीसरे मोर्चे ने कभी भी बीजेपी और कांग्रेस के वोटों में सेंध नहीं लगाई है। तीसरे दल के रूप में प्रदेश की लोकसभा सीटों पर बसपा लगातार मैदान में उतर रही है, लेकिन इसे सियासी दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि वो कभी भी जीत के करीब तक नहीं पहुंच पाई। बसपा कभी भी छत्तीसगढ़ में इतना मजबूत नहीं हो पाई की वो हार और जीत के बीच का फैक्टर भी बन पाए। अजित जोगी की मौत के बाद जोगी कांग्रेस का भी हाल बुरा है। उसके नेता और विधायक अपना घर छोड़ सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट हो चुके हैं।

तीसरे मोर्चे में यदि राष्ट्रीय पार्टियों की भी बात करें तो पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला ने यहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को लांच किया था। इसी तरह लालू प्रसाद यादव की पार्टी भी छत्तीसगढ़ में 2003-04 में सक्रिय रही और समाजवादी पार्टी ने भी इसी समय छत्तीसगढ़ उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन इन पार्टियों का भी कोई अस्तित्व नहीं रहा। वर्तमान चुनाव में मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस और रूलिंग पार्टी भाजपा के बीच ही मुकाबला देखने को मिलेगा। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल लोकसभा चुनाव में हमेशा से आमने सामने रहे हैं। इस बार भी दोनों पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। साल 2019 में भी बीजेपी और कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला हुआ। क्षेत्रीय पार्टियों ने कई सीटों से अपने प्रत्याशी जरुर उतारे लेकिन विजय किसी को नहीं मिली। कई लोगों की तो जमानत तक जब्त हो गई। तीसरी शक्ति के रुप में गोंगपा ने जरूर अपनी शक्ति का अहसास कुछ सीटों पर कराया लेकिन वो नतीजों में कभी तब्दील नहीं हो पाया।

बीजापुर में पुलिस नक्सली मुठभेड़

# चार नक्सली ढेर, मौके से हथियार बरामद, सभी जवान सुरक्षित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से बड़ी खबर आ रही है। मंगलवार को यहां के गंगलूर थाना क्षेत्र के जंगल में सुरक्षाबल व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में चार नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग गए। वहीं मौके से पुलिस ने आधूनिक हथियार बरामद किए हैं। वहीं सभी जवन सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

बता दें छत्तीसगढ़ के धुर नक्सली क्षेत्रों तैनात पुलिस, डीआरजी, सीआरपीएफ, कोबरा, बस्तर फाइटर्स, बस्तरिया बटालियन और सीएएप आदि द्वारा लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सुरक्षा बल के जवान बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित गंगालुर इलाके में सर्चिंग पर निकले थे। मंगलवार की सुबह सर्चिंग पर निकले जवानों पर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की।

बताया जा रहा है कि यहां गंगलूर थाना क्षेत्र में कोरचोली और लेंड्रा के जंगलों में गंगालूर एरिया कमेटी के नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। जवानों की फायरिंग के बाद नक्सली बैकफुट पर आ गए और जंगल के रास्ते फरार हो गए। इसके बाद जवानों ने सर्चिंग तेज की और घटना स्थल पर चार नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। वहीं 6 से 7 नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है। जवानों ने मौके पर इंसास रायफल और एके 47 जैसे हथियार बरामद किए हैं।

### एकाएक क्यों उभरी भुबनेश्वर-प्रीति

श्रीकंचनपथ




ओडीशा की राजधानी भुबनेश्वर के बीचों बीच लगभग पांच लाख वर्गफीट क्षेत्र में 18 मंजिला स्किल सेंटर है। इसमें युवाओं को फैशन डिजाइनिंग, ब्यूटी पार्लर, इलेक्ट्रिकल सेवाएं, मेकाट्रॉनिक्स, विद्युत प्रौद्योगिकी तथा स्पा सहित अन्य ट्रेड की ट्रेनिंग दी जाती है। भुबनेश्वर का वेंडिंग जोन भी देश में सबसे अच्छा है। वहां पर अलग-अलग क्षेत्रों में 10 वेंडिंग जोन बनाए गए हैं। यहां स्ट्रीट वेंडरों के लिए तमाम सुविधाओं के साथ दुकानें दी गई हैं। शेष शहर में अब स्ट्रीट वेंडरों के लिए कोई जगह नहीं है। दरअसल, यही सोच समस्याओं की जड़ है। एक समस्या यह है कि युवाओं के पास उनका पसंदीदा स्किल नहीं है। दूसरी समस्या यह है कि जो स्किल है, उसका काम नहीं मिलता। पहली समस्या का समाधान तो आसान है पर दूसरी समस्या का हल ढूंढने के लिए वक्त में कुछ पीछे लौटना होगा। नाई, बढ़ई, लुहार, सुतार, कुम्हार, मिस्त्री के खानदानी धंधे में जमा-जमाया बाजार होता था। बंधे-बंधाए ग्राहक होते थे। आज आप बाल काटने का कितना भी बढ़िया स्किल क्यों न हासिल कर लो, ग्राहक पकड़ने के लिए आपको वापस अप्रेंटिसशिप में ही जाना पड़ेगा। आपका सर्टिफिकेट देखकर कोई आपके पास अपने बालों का सत्यानाश करवाने के लिए नहीं आएगा। कुछ साल पूर्व भिलाई में नापित समाज के मुखिया आए थे। उस दौरान जब उनसे चर्चा हुई तो यह बात खुलकर सामने आई कि नापितों ने अपने काम को छोटा समझा और धीरे-धीरे हाशिए पर चले गए। उनके बच्चों ने इस काम को छोड़ा तो तमाम कथित ऊंची जाति के लोगों ने इसे अपना लिया। सौन्दर्य का उद्योग आज एक बड़ा उद्योग है। लोग इनके सलून में बाल कटवाने के लिए सैकड़ों से लेकर हजारों रुपए तक खर्च करते हैं। मालिश का काम अब मसाज पार्लर का रूप ले चुका है जिसमें लाखों की कमाई है। दरअसल, स्किल सिखाने से भी ज्यादा जरूरी है, स्किल की मार्केटिंग सिखाना। अन्यथा लोग पीएचडी करने के बाद भी 20-25 हजार रुपए की नौकरियां ही कर रहे हैं। दरअसल, यह सर्टिफिकेशन का वह गोरखधंधा है जो शिक्षित बेरोजगारों की भीड़ बढ़ा रहा है। भुबनेश्वर के वेंडिंग जोन के विषय में सरकार का मानना है कि सड़क पर लगने वाले ठेले और दुकानों की वजह से ट्रैफिक का पूरा सिस्टम ध्वस्त हो जाता है। सही है पर यही वेंडर राजधानी में आने वाले गरीबों की सेवा भी करते हैं। वेंडिंग जोन कितना भी बड़ा क्यों न हो, पैदल-पैदल शहर घूम रहा आदमी छोटा पैकेट बिस्कुट और हाफचाय पीने के लिए वहां तक नहीं जाएगा। भुबनेश्वर की तारीफकरना दरअसल, राजनीति का हिस्सा है। ओडीशा वह प्रांत है जहां बीजू जनता दल की सरकार है। पिछले कई सालों से लाख कोशिशों के बावजूद इस सरकार को हिलाया नहीं जा सका है। अब इसे एनडीए में शामिल करने की कोशिशें हो रही हैं। बीजद को शामिल करने के बाद ही एनडीए का 400 पार का सपना पूरा हो सकता है।



## संपादकीय

# खुद जीत नहीं सकते तो हार का कारण तो बताना होगा

> राजनीति में कई बार ऐसा होता है कि लड़ाई बराबर की नहीं होती है,सबको मालूम रहता है कि इन दोनों के बीच जो लड़ाई होने जा रही है, उसका परिणाम क्या होना है। लड़ाई का तो नियम ही यही है कि जो कमजोर है, वह ताकतवर से हारेगा ही। कमजोर व ताकतवर की लड़ाई में हारना तो कमजोर का तय है।

राजनीति में कोई स्वीकारता नहीं है कि वह सामने वाले से कमजोर है। वह इसलिए हार रहा है कि वह कमजोर है। तो वह क्या करता है वह अपनी हार को जायज बताता है। वह कहता है कि मैं तो हार ही नहीं सकता। मैं हारा हूं तो सामने वाले ने जरूर गड़बड़ी की है। मेरी हार का कारण मेरा कमजोर होना नहीं है, मेरी हार का कारण तो सामने वाले की गई गडबड़ी है, वह गड़बडी न करे तो मुझे हरा ही नहीं सकता। भाजपा तीन चार महीने से लोकसभा चुनाव में जीत का दावा कर रही है। इन तीन चार महीनों में कांग्रेस ने सोचा था वह विपक्ष को एकजुट कर भाजपा का हरा न सके तो अच्छी टक्कर तो देगी। यानी अपने को भाजपा के मुकाबले कमजोर की जगह टक्कर देने वाली पार्टी के तौर पर जनता व विपक्ष के सामने पेश करना चाहती थी लेकिन विपक्षी एकता तो वैसी हुई नहीं है जैसी कांग्रेस चाहती थी, विपक्षी एकना जो नाम को हुई है वह तो विपक्ष ने जैसा चाहा वैसी हुई है। यानी विपक्ष का इंडी गठबंधन है जरूर पर भाजपा का मुकाबला करने लायक नहीं है।

विपक्ष के सब दलों की कोशिश यह है कि वह अपने राज्य में कुछ सीटें जीत लें ताकि केंद्र की राजनीति में अपने महत्व को बनाए रखा जा सके। विपक्ष को कांग्रेस की जीत से मतलब नहीं है, उसको मतलब इस बात से है कि केंद्र की राजनीति में अपनी जगह को कैसे बनाए रखा जा सकता है। कांग्रेस भी इस बात को समझ रही है कि विपक्ष के भरोसे कुछ खास नहीं किया जा सकता, वह अकेल कुछ कर नहीं सकती, उसकी हार तय है, भाजपा की जीत तय है। ध्यान न देने के कारण संगठन का बुरा हाल है, बड़े नेता चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं, बड़े नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं,पार्टी की गलती से ही आयकर विभाग ने पार्टी के खातों को फ्रीज कर दिया है। इससे चुनाव लड़ने के लिए पैसों की कमी हो सकती है।

हर तरह से स्थिति कांग्रेस के लिए प्रतिकूल है।ऐसे में कांग्रेस के पास एक ही रास्ता बचता है कि अपनी हार के लिए खुद को दोषी मानने की जगह दूसरों को दोषी बताना। यही काम छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल कर रहे हैं और केंद्र में राहुल गांधी कर रहे हैं। भूपेश बघेल कहते हैं कि अगर चुनाव मतपत्र से हो ता कांग्रेस की जीत तय है। वही राहुल गांधी कह रहे हैं कि बिना मैच फिक्सिग के भाजपा180 सीट भी नहीं जीत सकती । भूपेश बघेल कह रहे है कि मतपत्र से चुनाव हो तो कांग्रेस जीतेगी यानी उनको मालूम है कि चुनाव तो ईवीएम से ही होगा यानी कांग्रेस जीतेगी नहीं। इसी बात को राहुल गांधी दूसरे ढंग से कह रहे है कि ईवीएम में गड़बड़ी कर ही भाजपा चुनाव जीत सकती है। भाजपा चुनाव में गड़बड़ी करेगी इसलिए जीतेगी। कांग्रेस हारेगी अपनी कमजोरी व गलतियों के कारण लेकिन भाजपा अपनी जीत को ऐतिहासिक न बता सके इसलिए उसकी जीत पर ही सवालिया निशान लगाने की तैयारी की जा रही है। भाजपा चुनाव अपने दस साल के काम के कारण, भविष्य में करने वाले काम के कारण चुनाव जीतेगी, इस आधार पर तो भाजपा की जीत ऐतिहासिक मानी जाएगी। भाजपा की जीत को ऐतिहासिक न होने देने के लिए कांग्रेस ने अभी से माहौल बनाना शुरू कर दिया है कि भाजपा ईवीएम में गड़बड़ी कर चुनाव जीतती रही है तथा यह चुनाव भी वह इसी तरह जीतने की तैयारी कर रही है। भाजपा का प्रचारतंत्र कांग्रेस से ज्यादा मजबूत है इसलिए चुनाव तक कांग्रेस भले माहौल बनाती रहे लेकिन चुनाव जीतने के बाद भाजपा ऐसा माहौल बनाने में सफल हो जाएगी की यह जीत ऐतिहासिक है और कांग्रेस की हार भी ऐतिहासिक है।

# स्टंट का रील बनाने वालों के लिए कानून का भय जरूरी

**सोशल मीडिया पर स्टंट का रील बनाकर अपलोड करने के लिए 36 हजार रुपये का चालान काटा गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार आउटर रिंग रोड के एलिवेटेड फ्लाईओवर पर यह स्टंट किया गया।**

आरोपी कार चालक प्रदीप ढाका छज्जूराम कॉलोनी (नांगलोई) का रहने वाला है। वायरल वीडियो में हरियाणा नंबर की सुनहरी कार सड़क पर तेज रफ्तार में सर्पाकार दौड़ रही है जिसका साथी कार से बहार आकर सेल्फी लेता है। इस दरम्यान पीछे कारों की लंबी कतार लगने से जाम की स्थिति बन गई। लोगों ने दिल्ली पुलिस व ट्रैफिक पुलिस को यह वीडियो टैग किया। कार से प्लास्टिकनुमा कुछ नकली हथियार भी बरामद किए।

इससे पहले होली वाले दिन दो लड़कियों का वीडियो वायरल हुआ था जो स्कूटी पर बैठ कर एक-दूसरे को रंग लगा रही थीं। उनका नोएडा पुलिस ने कई अन्य अपराधों समेत 33 हजार रुपये का चालान किया। लड़कियों का कहना था कि इंस्टाग्राम हैंडल के लिए रोचक सामग्री बना रही थीं।

एक अन्य वायरल वीडियो में बिना हैलेमट के स्कूटी पर सवार युवक के पीछे टायटैनिक का पोज बना रही लड़की गिरी थी। यह हुड़दंग केवल होली पर ही नहीं होता, बल्कि रील्स बनाने और सोशल मीडिया पर अपनी फॉलोइंग बढ़ाने के लोभ में फूहड़, अश्लील और उद्दंडतापूर्ण हरकतें करने वालों की हरकतें बढ़ती ही जा रही हैं। देश में युवाओं की बहुत बड़ी संख्या है, जिनके हाथ में मोबाइल है।

वे बेरोजगार हैं या रोजगार न मिलने पर हताश। उनमें भरपूर ऊर्जा है जिसका इस्तेमाल करने का उचित मार्ग उन्हें नहीं सूझता। दूसरे, लगातार ऐसे सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के बारे में बढ़-चढ़ कर प्रचारित किया जाता है कि वे अपने चैनेल्स या पोस्ट के बूते लाखों रुपये कमा रहे हैं।

कमाई के इस रास्ते को आसान मान कर वे अपने मोबाइल लेकर सड़कों पर निकल पड़ते हैं। हजारों में कोई एक होता है, जिसे इसमें सफलता मिलती है। नियम तोड़ने, कानून हाथ में लेने और जान जोखिम में डालने के नतीजों की फिक्र किए बगैर जुनूनी तौर पर यह सब देखा-देखी करने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है।

चालान राशि चुकाने तक में अक्षम इस तरह के लोगों के साथ ज्यादा सख्ती की जानी इसीलिए भी जरूरी है इन हरकतों को गंभीरता से लिया जा सके और कानून-व्यवस्था का डर बना रहे।





# जिस राह भारत आर्थिक महाशक्ति बनेगा

> अमृतकाल के अंत में, यानी 15 अगस्त 2047 तक क्या भारत एक विकसित राष्ट्र हो जाएगा? क्या हम चीन और अमेरिका को पछाड़ने या कम से कम बराबर की टक्कर देने में कामयाब होंगे? भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन का कहना है कि यदि भारत आठ प्रतिशत की आर्थिक विकास दर से बढ़ता रहे, तो सन् 2047 तक 55 ट्रिलियन, यानी 55 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुका होगा।

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

सुब्रमण्यन इस वक्त अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर हैं। उनका कहना है कि इतने वक्त तक इस रफ्तार से तरक्की के लिए और बड़े सुधारों की जरूरत होगी। मगर दूसरी तरफ रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर और मशहूर अर्थशास्त्री रघुराम राजन का कहना है कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की बात करना एकदम बकवास है। दोनों के पास अपने-अपने तर्क हैं, लेकिन यह समझना जरूरी है कि दोनों की बातें एक-दूसरे से इतनी विपरीत क्यों नजर आ रही हैं?

सन् 1947 में जब भारत आजाद हुआ, तब देश की जीडीपी महज 2.70 लाख करोड़ रुपये थी। उस वक्त एक डॉलर की कीमत थी तीन रुपये तीस पैसे। यानी, देश की जीडीपी लगभग 82 हजार करोड़ डॉलर बनती थी। तब से अब तक यह पहुंची है लगभग 3.75 लाख करोड़ डॉलर, यानी 3.75 ट्रिलियन तक। मतलब यह हुआ कि पिछले साढ़े सात दशक में भारत की औसत वृद्धि दर करीब 5.12 प्रतिशत सालाना रही है। इस रफ्तार से भारत की अर्थव्यवस्था इस दौरान लगभग साढ़े चार गुना हो चुकी है। मगर सवाल यह है कि जब भारत अपनी आजादी की शताब्दी मना रहा होगा, तब तक क्या वह एक विकसित देश बन चुका होगा?

तमाम मुश्किलों के बावजूद भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है और इसमें शायद ही किसी को शक है कि ब्रिटेन के बाद अब यह जल्दी जापान व जर्मनी को भी पीछे छोड़ने की तरफबढ़ रहा है। इसके साथ ही, वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मगर क्या इतना काफी होगा? खासकर, यह देखते हुए कि भारत जिन देशों को पछाड़ेगा, उनकी सालाना वृद्धि दर अब मुश्किल से एक से दो फीसदी के बीच रहने का अनुमान है।

तो अब भारत का असली मुकाबला बचा है अमेरिका और चीन से। अमेरिका की अर्थव्यवस्था का आकार अभी लगभग 28 लाख करोड़ डॉलर है। भारत से लगभग साढ़े सात गुना ज्यादा। उधर चीन की अर्थव्यवस्था का आकार करीब 18 लाख करोड़ डॉलर है। यहां यह याद रखना चाहिए कि जिस वक्त भारत आजाद हुआ, तब भारत और चीन आर्थिक पैमाने पर लगभग बराबरी के पायदान पर खड़े थे। दोनों ही गरीब देश थे और भारी आबादी के बोझ से दबे हुए थे। 1979 तक भारत और चीन की अर्थव्यवस्था करीब-करीब बराबर ही थी। मगर उसके बाद से चीन ने जो छलांग लगाई, वह आधुनिक विश्व इतिहास का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। 1979 से 2007 तक चीन की अर्थव्यवस्था सालाना 9.9 फीसदी की औसत रफ्तार से बढ़ती रही। दुनिया के किसी देश ने ऐसी विकास दर इतने समय तक हासिल नहीं की। यही नहीं, आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत से पहले, 1990 में भी भारत की प्रति व्यक्ति आय 367 डॉलर थी, जबकि चीन में 317 डॉलर। सन 2000 तक यही आंकड़ा भारत में 1,357 डॉलर और चीन में 4,450 डॉलर हो चुका था, जबकि 2022 में भारत के 2,388 डॉलर के मुकाबले चीन 12,720 डॉलर की प्रति व्यक्ति आय पर पहुंच चुका था।

फिक्र की बात इसलिए भी है कि चीन ने भारत के मुकाबले तेज छलांग ऐसे दौर में लगाई, जबकि उसकी आबादी भारत से ज्यादा थी। आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन चुका है। वैसे जब चीन तेज रफ्तार से बढ़ रहा था, तब भारत में क्या हो रहा था? भारत 1990 के दशक में 5.6 प्रतिशत की रफ्तार से, 2000 से 2009 तक 6.5 प्रतिशत और 2010 के दशक में 5.1 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा। 1980 से 2005 तक भारत की औसत वृद्धि दर 5.8 फीसदी रही। मगर इन्हीं तीन दशकों में चीन ने 11.7 प्रतिशत, 16.5 प्रतिशत और 8.8 प्रतिशत की जबर्दस्त वृद्धि दर हासिल की। यही वजह है कि जब भी आर्थिक विकास की बात होती है, तो भारत को चीन के बरअक्स ही खुद को देखना पड़ता है। यहां दो और बातों पर ध्यान देना जरूरी है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और चीन में लोकतंत्र का निशान नहीं मिलता। दूसरी बात, 1962, 65 और 71 की जंगों ने भी भारत के आर्थिक विकास के मोर्चे पर बड़े स्पीड ब्रेकर का काम किया।

बहुत समय बाद बीते साल के आखिरी तीन महीनों में भारत की जीडीपी में 8.4 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई है और इसी की वजह से साल की बढ़त 7.6 फीसदी होने का अनुमान है। इसी को देखकर शायद कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन आशावान हैं, हालांकि, उनका यह भी कहना है कि इसके लिए भारत में पिछले दस साल में जो आर्थिक सुधार हुए हैं, उनकी रफ्तार दिन दूनी, रात चौगुनी के अंदाज में बढ़ानी पड़ेगी। ऐसा कैसे होगा? चीन में तो लोकतंत्र है नहीं, वहां कैसे होता है? भारत में भी एक वरिष्ठ अधिकारी 'टू मच डेमोक्रेसी' यानी 'लोकतंत्र की अति' का जिक्र कर चुके हैं।

मगर रघुराम राजन की चिंता लोकतंत्र नहीं है। उनका कहना है, भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का सपना गलत नहीं है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए क्या करना है, यह साफ होना चाहिए। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी नौजवान आबादी है, अगर इसे सही रास्ता न मिला, तो मुश्किल हो सकती है। उनका कहना है कि सरकार को प्राथमिक व उच्च शिक्षा में सुधार का काम तेज करना चाहिए, न कि सेमीकंडक्टर जैसे बड़े प्रोजेक्ट पर ध्यान केंद्रित करना। यह विवाद चलता रह सकता है, मगर इसमें शक नहीं है कि आने वाले ढाई-तीन दशकों में भारत का आर्थिक विकास तेज होगा और वह दुनिया की दो बड़ी आर्थिक शक्तियों में से एक होगा। दिग्गज अमेरिकी निवेशक जिम रोजर्स ने 2015 में एलान किया था कि वह भारतीय कंपनियों के अपने शेयर बेच रहे हैं, लेकिन अब उनका कहना है कि दुनिया में जो भी अमीर होना चाहता है, उसे भारत के शेयर बाजार पर ध्यान देना चाहिए।

जिम रोजर्स अकेले नहीं हैं। मगर रघुराम राजन की यह बात याद रखनी चाहिए कि हमें हवाबाजी में उलझ नहीं जाना चाहिए कि भारत आर्थिक महाशक्ति बनने वाला है, बल्कि उन चीजों पर ध्यान देना चाहिए, जो भारत को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए जरूरी हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# ईमानदारी पर सिर्फ हमारी ठेकेदारी

> राष्ट्रीय राजनीति में दे दनादन चौके-छक्के मारकर तुरत-फुरत बड़ा स्कोर जुटाती हुई, देश के अनेक राज्यों में अपने मजबूत पांव फैलाती हुई और चारों तरफ मोदी विरोध का डंका बजाती हुई, आम आदमी पार्टी के कट्टर ईमानदार और पार्टी के पितृपुरुष सर्वेसर्वा ईमानी नेता को लेकर भाजपा सरकार के परम पुनीत प्रवर्तन निदेशालय ने अंततः अपना मनचाहा संकल्प पूरा किया और भाई को सलाखों के पीछे पहुंचाकर ही दम लिया।

एक तरफ कट्टर ईमानदार सरकारी प्रधान, दूसरी तरफ कट्टर ईमानदार आम पार्टी का ईमानी नेता। दो कट्टर ईमानदारों के बीच जानमारू प्रतिद्वंद्विता के उग्र स्वरूप को देखकर हमारे झल्लन का दिल भर आया और वह अपनी सहानुभूति का टोकरा लेकर फिल्मी तर्ज पर भूतिया वेश में ईमानी नेता को कैद में रखने वाली सलाखों के निकट चला आया। उसने अपनी आवाज में दर्द पिरोया, आंखों को आंसुओं से धोया, फिर बोला-हम अपनी पूरी हमदर्दी लेकर आये हैं और आपके लिए दो-चार ठो सवाल भी लाये हैं। तो भाईजान, आप पहले व्यक्ति हैं जो मुख्यमंत्री के पद को भी अपने साथ जेल में ले आये हैं, इसके लिए आपको बधाई कि आप एक नया विश्व कीर्तिमान बनाए हैं। अब आगे आपकी रणनीति क्या होगी, आप बाहर आएंगे या यहीं रहकर अपना चुनाव अभियान चलाएंगे? अब यहां आपको कैसी अनुभूति हो रही है, कहीं आपकी हिम्मत तो जवाब नहीं दे रही है?

ईमानी नेता-तुमने पूछा हिम्मत के बारे में, तो हमारा सीना भले 56 इंच का न हो लेकिन फौलाद का सीना है जो कभी हिम्मत नहीं हारता है, और जो हमें डराने की कोशिश करता है उसे ही डरा डालता है। मौजूदा सत्ता हमसे डर गयी है, उसे लगता है कि हम आ जाएंगे तो उनकी सरकार और उनकी पार्टी को खा जाएंगे। सो उन्होंने षड़यंत्र का चक्रव्यूह रचवाया है, हमें जेल भिजवाया है। झल्लन-मतलब यह कि जो शराब घोटाला सामने आया है, जिसने इतना उत्पात मचाया है वो आपके हिसाब से हुआ ही नहीं, सब दारू में डूब गये मगर किसी ने दारू को छुआ नहीं? ईमानी नेता-जाहिर है सब खेल हमें परेशान करने के लिए रचाया गया है, हमारे नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर जेल में डलवाया गया है। झल्लन-अच्छा, जब आप आरोप लगाते थे, भ्रष्ट और चोर नेताओं की सूची बनाकर मंच से सुनाते थे, उन्हें बार-बार जेल का हकदार बताते थे, तो तब उन पर आप किस आधार पर आरोप लगाते थे, किस बिना पर उन्हें चोर-भ्रष्टाचारी बताते थे? ईमानी नेता-उनके कारनामे तो एजेंसियां उजागर करती थीं, हमें बताती थीं।

झल्लन-यानी जब औरों पर एजेंसियां आरोप लगाएं तो वे सही होती हैं पर जब आपको आरोपित ठहराएं तो वे गलत और षड़यंत्रकारी होती हैं। खैर, अच्छी बात है कि आप अपने सही और न्यायनिष्ठ होने का फैसला स्वयं अपने हक में कर लेते हैं इसलिए किसी भी एजेंसी के सम्मन को दरकिनार कर देते हैं। लेकिन यह बताइए कि जिस कांग्रेस के भ्रष्ट नेताओं की आप सूची जारी किया करते थे और जिस कांग्रेस के नेता कुछ समय पहले तक आपको शराब घोटाले का सूत्रधार बताया करते थे, आपकी गिरफ्तारी की मांग किया करते थे, आप उसी कांग्रेस से हाथ मिला रहे हैं और अपनी जेल मुक्ति के लिए उसी से करुण गुहार लगा रहे हैं। क्या आपका जमीर आपको कोंचता नहीं है, आपसे कुछ पूछता नहीं है?

ईमानी नेता-हम कट्टर देशभक्त हैं, देश बचाना चाहते हैं, देश का संविधान बचाना चाहते हैं, अपने देश के लिए हम जमीर की कुर्बानी दे सकते हैं और संविधान बचाने के लिए कांग्रेस तो क्या, भ्रष्ट से भ्रष्ट व्यक्ति का भी साथ ले सकते हैं। झल्लन-तो आप कह रहे हैं कि भ्रष्ट लोगों से हाथ मिलाए बिना आप संविधान नहीं बचा सकते, या कहना चाहते हैं कि बिना उनके आप सत्ताधारी पार्टी को नहीं हरा सकते? या बिना इस भ्रष्ट कुनबे के आगे दंडवत किये आप अपनी महत्वाकांक्षा अनुसार प्रधानमंत्री पद की दौड़ में आगे नहीं आ सकते?

ईमानी नेता-ये सारे आरोप गलत हैं, हम संविधान बचाने आये थे, सो संविधान को हर हाल में बचाएंगे। संविधान बचाने में पूरी ईमानदारी दिखाएंगे और ईमानदारी पर अपनी ठेकेदारी किसी भी सूरत में नहीं हटाएंगे। झल्लन-चलिए ठीक है, न खाता न बही जो आप कहें वही सही। पर ये तो बताइए, जब आप जेल आ रहे थे तो आपके मन में क्या खयाल आ रहे थे? आपने क्यों नहीं सोचा कि परंपरानुसार पद से इस्तीफा दे देते और नैतिकता के पालन का थोड़ा श्रेय ले लेते? ईमानी नेता-सुनो मियां झल्लन, जिस नैतिकता की तुम बात कर रहे हो वह प्रजाति अब विलुप्त है, राजनीति के कब्रगाह में सुप्त है। अब जो हम सोचें, जो हम कहें, जो हम करें वही नैतिक होता है इसके अलावा जो भी कुछ होता है वह अनैतिक होता है। कोई कुछ भी कहे हम किसी के झांसे में नहीं आएंगे, हम जेल में हैं तो जेल से ही प्रचार करेंगे और जेल से ही अपनी सरकार चलाएंगे, और अब अगली बातें अगले इंटरव्यू में बताएंगे।

# हिमालयी क्षेत्रों में परियोजनाओं को लेकर चिंता

हिमालयी क्षेत्रों में रेलवे, बांध, जल संबंधी परियोजनाओं और चार-लेन की राजमार्ग से जुड़ी सभी ढांचागत विशाल परियोजनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की केंद्र सरकार से मांग की गई है।

'पीपुल्स फॉर हिमालय' अभियान का संयुक्त रूप से नेतृत्व कर रहे संगठनों ने शनिवार को एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में लोक सभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों के लिए पांच सूत्री एक मांग पत्र पेश किया। इन परियोजनाओं से हिमालय जैसे बनिस्बत कच्चे या कहें कि युवा पहाड़ के पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान से चिंतित संगठनों का कहना है कि इन परियोजनाओं की बहुआयामी समीक्षा किया जाना जरूरी हो गया है।

इसलिए कि इनके क्रियान्वयन के क्रम में उद्योगपति पहाड़ की घाटियों और चोटियों का खुला और मनमाफिक दोहन कर रहे हैं, और इस कारण आने वाली आपदाओं का दंश स्थानीय लोगों को सहना पड़ रहा है। कहीं सुरंग बैठ जाती है, तो कहीं शहर का शहर जमींदोज होने की कगार पर है। जलवायु कार्यकताओं में इस बात को लेकर नाराजगी है कि बड़ी परियोजनाओं के जरिए 'विकास' के इन तौर-तरीकों से स्थानीय लोग प्रभावित होते हैं। जरूरी है कि परियोजना शुरू करने से पूर्व उन्हें विश्वास में लिया जाए।

जनमत संग्रह और विचार-विमर्श करके ही किसी सर्वमान्य निर्णय पर पहुंचा जाए। कानूनन अनिवार्य हो कि परियोजना शुरू करने से पहले इनके पारिस्थितिकीय नुकसान के आकलन में जनभागीदारी भी होगी। अभी हो यह रहा है कि प्रोजेक्ट से प्रभावितों के पुनर्वास के लिए करदाताओं के धन का इस्तेमाल किया जाता है, और पहाड़ों की चोटियों और घाटियों का शोषण करने वाले उद्यमियों की कोई जवाबदेही नहीं होती। वे लाभ कमाकर निकल चुके होते हैं, और पारिस्थितिकीय व पर्यावरणीय क्षति से स्थानीय आबादी हलकान और परेशान होती है।

चरवाहे, भूमिहीन, दलित, जनजातियां और महिलाएं नीतिगत खामियों के चलते दरपेश आपदाओं और जलवायु संकट से सर्वाधिक त्रस्त होती हैं, जबकि उनका आफत को न्योता देने वाले मानव-निर्मित कारकों में योगदान नहीं होता। जलवायु कार्यकर्ताओं ने ब्रह्मपुत्र नदी तथा उसके बेसिन में प्रस्तावित पनबिजली विकास परियोजनाओं के प्रति भी आगाह किया है। जरूरी है कि जनभावना को 'विकास के ज्वर' से ग्रस्त न होने दिया जाए।

# स्कूलों में अनुभव जनित ज्ञान से वंचित न रह जाएं बच्चे

> हम अपनी कक्षा की खिड़कियों से ट्रेनों को गुजरते हुए देख सकते थे। रेल लाइन एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर थी, मगर नीचे ढलान की ओर थी, इसलिए देखने में हमें कोई दिक्कत नहीं आती थी। यहां तमिलनाडु एक्सप्रेस (इस रेलखंड पर सबसे तेज गुजरने वाली ट्रेन) को देखना सबसे सुखद होता था। हमें ग्रैंड ट्रंक एक्सप्रेस भी लुभाती थी।

अनुराग बेहर,
सीईओ, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन

सन् 1978 में भी यह सबसे व्यस्त रेलमार्ग था, जो उत्तर को दक्षिण से जोड़ता है। यहां से कई यात्री और मालगाड़ियां भी गुजरती थीं, जिनको पहचानना मुश्किल होता, लेकिन हम उनके डिब्बों को गिनने की कोशिश करते। इन ट्रेनों के साथ हमारी कल्पनाएं भी गति पकड़तीं- मद्रास (अब चेन्नई), दिल्ली, आगरा, हैदराबाद और बॉम्बे (अब मुंबई) तक जा पहुंचतीं। वर्धा, इटारसी, वारंगल जैसी जगहों तक भी। ये तमाम इलाके 1978 में हमारी कल्पनाओं में ही बसा करते थे। इस तरह, हमारी कक्षा की वह खिड़की अनायास दुनिया के अलग-अलग रूपों से परिचय कराती।

वहां एक किलोमीटर के दायरे में कोई इमारत नहीं थी, चारों तरफ बस आग्नेय चट्टानें थीं और छोटे-बड़े गड्ढे, जो मानसूनी बारिश में पानी भरने से छोटा तालाब बन जाते। हम उन्हें 'चट्टान' कहते और 'चट्टान-कूदना' अत्यंत साहस का खेल होता। मुझे याद है, राहुल, जुबी, ईश कुमार, दीपक और कुछ अन्य साथियों ने हमें तब चौंका दिया था, जब उन्होंने दो चट्टानों के बीच की ऐसी ही एक 'खाई' को कूदकर पार कर लिया था। मानसून के बाद मछली और टैडपोल (मेंढक का नवजात बच्चा) पकड़ना हमारा प्रिय शगल होता। अप्रैल की तेज धूप में भी हम




अक्सर इन चट्टानों पर उछलते-कूदते हुए घर वापस लौटा करते थे।

अब आप उन खिड़कियों से गुजरती रेलगाड़ियां नहीं देख सकते। चट्टानें गायब हो गई हैं और उनकी जगह कंक्रीट के जंगल खड़े हो गए हैं। मानसून में यहां टैडपोल भी नहीं दिखता। चूंकि, मैं हर कुछ महीने पर एकाध बार वहां गाड़ी से गुजरता ही हूं, इसलिए मुझे यह भी पता है कि अब वहां से पैदल घर लौटना आसान नहीं होगा। सवाल है, यदि किसी बच्चे की कल्पना खिड़की से दिख रही तमिलनाडु एक्सप्रेस के साथ गति नहीं पकड़ती है, तो क्या होता है? क्या यह अच्छा है या खराब? जब मैं स्कूल में था, तब उसे सिर्फ केंद्रीय विद्यालय, भोपाल कहा जाता था। आज वह केंद्रीय विद्यालय नंबर 1, भोपाल बन गया है, क्योंकि इस शहर में अब पांच केंद्रीय विद्यालय हैं। बेशक, एक मामले में यह अच्छा है कि स्कूलों की संख्या बढ़ गई है और हमारे पास जितने अधिक स्कूल होंगे, उतना ही अच्छा होगा, लेकिन जैसे-जैसे ऐसे स्कूलों का विस्तार हुआ है, उनके संसाधन बढ़े हैं, इनमें से कई स्कूल सिमट भी गए हैं। स्कूलों की भौतिक दुनिया, जो उनको प्रकृति और शहर से जोड़ती थी, सिकुड़ गई है। खिड़कियां अब विविधता वाली दुनिया के लिए नहीं खुलती हैं। छात्र टैडपोल नहीं पकड़ सकते हैं और न पैदल घर जा सकते हैं। चूंकि ज्यादातर छात्र एक समान पृष्ठभूमि से आते हैं, इसलिए इन स्कूलों की सामाजिक दुनिया भी अब काफी छोटी हो गई है। केंद्रीय विद्यालयों का हाल भी इससे जुदा नहीं है।

इस सिकूड़न का हम पर क्या प्रभाव पड़ता है? इसका कोई निश्चित उत्तर बताना मूर्खतापूर्ण होगा, लेकिन मेरा मानना है कि ऐसे स्कूलों में जाने वाले बच्चों की तालीम सिमट रही है, उनमें भाईचारा और सहानुभूति की भावना घटती जा रही है, इसीलिए वे विविध लोगों व प्रकृति से दूर हो रहे हैं। बौद्धिक रूप से ही नहीं, बल्कि अपने अंतरतम अस्तित्व में भी वे अनुभवों से वंचित हो रहे हैं। संभवतः मानवता के रूप में साझा अस्तित्व की हमारी भावना भी कमजोर हो रही है। देश में 26 करोड़ बच्चों में से ज्यादातर इन खास स्कूलों में नहीं जाते हैं। जिन स्कूलों में वे जाते हैं, उनमें से अधिकांश में तत्काल सुधार और बदलाव की दरकार है। हालांकि, स्कूलों की इस सिकुड़न से देश पर भी असर पड़ेगा। जिस तरह से हमारे समाज का विज्ञान संचालित हो रहा है, जीवन के तमाम क्षेत्रों में इन स्कूलों से निकलने वाले बच्चे नेतृत्व की भूमिका में आ सकते हैं। ऐसे में, जरा सोचिए कि अगर उनकी मानसिक व भावनात्मक सोच संकुचित रही, तो हमारा देश कहां जाएगा?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करें
Mob.-:
9303289950
7987166110



श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) मतदाताओं को मतदान दिवस निःशुल्क परिवहन सुविधा

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक (80 प्लस) आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान दिवस निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर उनके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् वापस उसके आवास स्थल तक निःशुल्क वाहन व्यवस्था रहेगी। उक्त वाहन को मतदाता रथ का नाम दिया जाएगा। इस पर मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर चस्पा रहेगा।

### मृतक के परिजनों को मिली 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैंप- 2 बैकुण्ठ नगर भिलाई तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी धरमनाथ महतो की विगत 16 मई 2021 को आग में जलने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग निवासी ममता पटेल की विगत 11 जून 2020 को आग में जलने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. धरमनाथ महतो की पत्नि सुनैना देवी को 4 लाख रूपये एवं स्व. ममता पटेल की पति रवेन्द्र कुमार पटेल को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### शासकीय महाविद्यालयों में स्वीप गतिविधियां लगातार जारी

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर महाविद्यालयों में निरंतर स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के मध्य नारा लेखन, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, भाषण, वाद-विवाद, नुक्कड़-नाटक, मानव श्रृंखला जैसे गतिविधियां आयोजित कर उन्हें मतदान की महत्ता की जानकारी दी जा रही है।

# रन फॉर वोट मैराथन में युवाओं ने लगाई दौड़, शहर के लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने विभिन्न कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार की सुबह भिलाई रन फॅार वोट मैराथन का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन व भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वाधान में यह आयोजन किया गया।

भिलाई रन फॉर वोट मैराथन मंगलवार की सुबह सेक्टर-9 हॉस्पिटल चौक से शुरू हुआ। सेंट्रल एवेन्यू के रास्ते विभिन्न सेक्टर से होते हुए ग्लोब चौक से वापस होते हुए सेक्टर-9 हास्पिटल चौक पर इसका समापन किया गया। कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अश्वनी देवांगन ने रन फॅार वोट मैराथन का सफ्लता पूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान बीएसपी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग के साही राम जाखड़ सहित बड़ी संख्या में जिला प्रशासन के अधिकारी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।






# रक्तदान कर बीएसएफ के जवानों ने बचाई आदिवासी महिला की जान, परिजनों ने जताया आभार

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सीमा सुरक्षा बल की 133वीं वाहिनी के जवानों ने रक्तदान कर कांकेर की आदिवासी महिला की जान बचाई। महिला का इलाज दुर्ग के जिला अस्पताल में चल रहा था। ऑपरेशन के दौरान उसे खून की जरूरत पड़ी तो भिलाई हेडक्वार्टर से 133वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने रक्तदान कर महिला की जान बचाई।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बैहासाल्हेभाट पोस्ट-कोलार, जिला-कांकेर की एक आदिवासी महिला गीतिला का इलाज दुर्ग के सरकारी हॉस्पिटल मे चल रहा है। उसके पैर में घाव होने के कारण डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर पैर काट दिया। ऑपरेशन के बाद महिला को (ओ-पॉजिटिव) रक्त की आवश्यकता थी जिसके लिए परिजनो ने सीमांत मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, भिलाई से सम्पर्क किया। इस मुख्यालय के अन्तर्गत 133 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तत्काल रक्तदान करके आदिवासी महिला की जान बचाई। सीमा सुरक्षा बल के इस सराहनीय कार्य के लिए महिला मरीज के परिजनो ने बल का धन्यवाद किया। सीमा सुरक्षा बल के जवान अपनी जान की बाजी लगाकर देश को नक्सल मुक्त बनाने में लगे है वही दूसरी ओर जरूरत पड़ने पर समाज कल्याण की हर जिम्मेदारी को दृढ संकल्प के साथ निभाते हुए हर कदम पर अपनी वीरता का परिचय दिया है।

सीमा सुरक्षा बल सामरिक मुख्यालय (विशेष संक्रिया) छत्तीसगढ़ के महानिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह, भापुसे ने कमांडेंट 133 वी वाहिनी, वीरेन्द्र कुमार गिरी और जवानों के इस नेक कार्य की सराहना की और संदेश दिया कि जनता की सुरक्षा और सेवा सीमा सुरक्षा बल के लिए सर्वोपरि है और भविष्य में भी हम ऐसा कार्य करते रहेंगें।

## पोस्टल बैलेट ईडीसी की मार्किंग हेतु लगायी गई अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता सूची की चिन्हित प्रति तैयार करने हेतु विधान सभावार नोडल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर दल में अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है।

आदेशानुसार उक्त अधिकारी-कर्मचारी, नोडल अधिकारी डाकमत्र दशरथ राजपूत आयुक्त नगर निगम चरौदा तथा नोडल अधिकारी चिन्हित प्रति हरवंश सिंह मिरी संयुक्त कलेक्टर के मार्गदर्शन में कार्य संपादन करेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र पाटन हेतु नोडल अधिकारी मीना साहू अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के नेतृत्व में प्रभारी अधिकारी कृष्णदास बांधे राजस्व निरीक्षक के साथ पटवारी राजेन्द्र श्रीवास्तव, पुरूषोत्तम यादव, मनोज नायक, प्रभारी अधिकारी ई. राकेश राजस्व निरीक्षक के साथ पटवारी सुशांत ठाकुर, तुलाराम साहू, राजेन्द्र वैष्णव, टेकराम साहू, प्रभारी अधिकारी नीलकंठ वर्मा के साथ पटवारी केदारनाथ साहू, चिन्मय, शत्रुहन मिश्रा, राजेन्द्र देवांगन, प्रभारी अधिकारी मनोज कुमार मेहता राजस्व निरीक्षक के साथ पटवारी शंकर लाल टंडन, मनोज भारती, नवीन मिश्रा, सुभाष कुमार साव और रिजर्व में प्रभारी अधिकारी संतोष राय के साथ प्रदीप तिवारी, पी जयालक्ष्मी को ड्यूटी लगायी गई है।

# धूमधाम से मनाया उन्नति उत्सव

## महिलाओं को उद्यमशीलता कौशल को निखारने का अवसर दिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा- बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में सामुदायिक विकास कार्यक्रम की 'उन्नति परियोजना' के अंतर्गत 'उन्नति उत्सव' का तीसरा वार्षिकोत्सव सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय की महिलाओं में उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में प्रदर्शनी के माध्यम से उद्यमशीलता कौशल से संपन्न और स्वयं सहायता समूहों में संगठित महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें सजावट की वस्तुओं, खाद्य पदार्थों तथा स्वास्थ्य और स्वच्छता उत्पादों की एक श्रृंखला शामिल थी। इस आयोजन में समुदाय की 650 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जिन्हें वित्तीय आत्मनिर्भरता के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्नति उत्सव के तीसरे वार्षिकोत्सव में समुदाय की महिलाओं के लिए विभिन्न खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम को शामिल किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने छत्तीसगढ़ के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाते हुए स्थानीय नृत्य कर्मा और राउत का प्रदर्शन किया। सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए उन्होंने महिला सशक्तिकरण, माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन, उद्यमिता और लड़कियों की शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को संबोधित करने वाले नाटकों और प्रदर्शनों का मंचन किया। प्रभावशाली नाटकों, सांस्कृतिक प्रदर्शनों, पुरस्कार समारोह और स्वयं सहायता समूह के स्टालों के साथ मनोरम प्रदर्शनी की विशेषता वाले उन्नति उत्सव में 1000 से अधिक व्यक्तियों ने भागीदारी की। आयोजन ने एसएचजी की महिलाओं के लिए प्रचार और कमाई के अवसर प्रदान करने का मंच भी दिया जिन्होंने आम आगंतुकों के लिए खुली प्रदर्शनी में अपने हस्तनिर्मित भोजन और सजावट की वस्तुओं के साथ स्टॉल लगाए थे।

# एक मुट्ठी दान-श्रीराम के नाम चलाया जा रहा है अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। श्रीराम जन्मोत्सव समिति, भिलाई द्वारा इस वर्ष भी श्रीरामनवमी के पावन पर्व पर एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने खुर्सीपार प्रखण्ड के वार्ड 49 में घर-घर पहुंचकर लोगों से प्रभु के नाम दान करने अपील की।

इस दौरान लोगों ने बहुत ही हर्ष के साथ प्रभु के नाम पर अन्न दान किया। समिति द्वारा सभी दानदाताओं को भगवा ध्वज भेंट कर श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर आयोजनस्थल पहुंच भोग प्रसाद ग्रहण करने आमंत्रित किया गया।

समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने बताया कि समिति द्वारा विगत 38 वर्षों से श्रीरामनवमी का यह उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भव्य रूप से मनाया जाता है। 39वें वर्ष में यह आयोजन हम सभी के लिए बहुत खास है क्योंकि हमारा गौरव श्रीरामलला मंदिर पूर्ण हो चुका है और इस भव्य मंदिर में रामलला विराजमान हो गए हैं। श्री पाण्डेय ने बताया कि प्रतिवर्ष श्रीरामनवमी के अवसर पर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस क्रम में समिति द्वारा इस वर्ष भी एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत भिलाई के प्रत्येक घर से एक मुट्ठी अन्न दान संग्रहित कर भंडारे में उपयोग किया जायेगा।



इस भव्य उत्सव में प्रत्येक भिलाईवासी एवं समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। श्री पाण्डेय ने बताया कि 1 से 15 अप्रैल तक समिति के सदस्य विभिन्न प्रखण्डों में घर-घर पहुंचकर लोगों से एक मुट्ठी अनाज दान के रूप में स्वीकार करेंगे।

# नारायणपुर में 17वां सेल खेल मेला 2024 सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र और रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के संयुक्त तत्वाधान में, सेल खेल मेला-2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक जितेन्द्र यादव सपकाले के मुख्य आतिथ्य में एवं ब्रह्मचारी प्रशिक्षण केंद्र, बेलूड़ मठ के आचार्य पूज्य स्वामी पूर्णानंद जी महाराज की अध्यक्षता में 30 मार्च 2024 को सम्पन्न हुआ।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक सपकाले ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

सेल खेल मेला 2024 में वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, खो-खो आदि खेलों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री जे वाइ सपकाले द्वारा विजेता टीमों व खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। रामकृष्ण मिषन को ओवलऑल चैम्पियनषिप के खिताब से नवाजा गया। इसके साथ ही फुटबॉल प्रतियोगिता में नारायणपुर विजेता रहा। खो-खो में बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में रामकृष्ण मिशन की टीम विजेता रही और बालक वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेरीबेड़ा और बालिका वर्ग में माँ सारदा विद्यामन्दिर, ओरछा उपविजेता रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेरीबेड़ा विजेता और रामकृष्ण मिशन उप विजेता रहा। बालिका वर्ग में रामकृष्ण मिशन विजेता और कस्तूरबा गांधी विद्यालय, सूलेंगा उपविजेता रही। एथेलेटिक प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेरीबेड़ा ओवरआल चैम्पियन रही।

विशिष्ट अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक (खदान) अनुपम बिष्ट, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) सुशील कामड़े, जैकी कश्यप, स्वामी कृष्णामृतानन्द, स्वामी मुक्त्यानन्द, स्वामी प्रणतपालानन्द एवं ब्रह्मचारीगण उपस्थित थे। इसके साथ ही आश्रम के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित अन्य कर्मचारिवृन्द तथा लगभग 1400 बच्चों ने इस खेल मेला में शामिल होकर अपनी प्रतिभा दिखायी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के सचिव स्वामी व्याप्तानन्द जी महाराज ने दिया एवं विवेकानंद विद्यापीठ के प्राचार्य स्वामी कृष्णामृतानन्द ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय सेल खेल मेला 2024 का उद्घाटन 27 मार्च 2024 को किया गया। 17वें वर्ष आयोजित इस भव्य खेल मेले में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं की अभिव्यक्ति दी। बच्चों की खेल प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने और उन्हें आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष खेल मेला का आयोजन किया जाता है।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### 7 तक भरे जाएंगे नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए फार्म

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शासकीय और निजी कॉलेजों में वर्ष 2024-25 शैक्षणिक सत्र में स्नातक नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 7 अप्रैल 2024 निर्धारित कर दी गई है। बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट पर ऑनलाईन 7 अप्रैल तक भर सकते है। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 13 जून 2024 को आयोजित होगी। व्यवसायिक परीक्षा मण्डल के संयुक्त नियंत्रक जे. सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन कोई परीक्षा शुल्क अभ्यर्थियों से नहीं लिया जाएगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद 08 अप्रैल से 10 अप्रैल तक त्रुटि सुधार की सुविधा भी रहेगी। स्कूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 और संशोधन नियम 2022 के प्रावधानों के तहत की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी, काउसलिंग, आवंटन आदि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in और पर प्राप्त की जा सकती है।

### छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन पदाधिकारियों का सर्वसम्मत हुआ चुनाव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन ने गत शनिवार को अपनी वार्षिक बैठक में नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से सेवानिवृत मुख्य अभियंता एचएस धींगरा को एसोसियेशन का नया अध्यक्ष चुना गया। एसोसियेशन संयोजक जीएस बॉम्बरा के प्रस्ताव पर भारत आयुध निर्माणी नागपुर से सेवानिवृत वर्क्स मैनेजर टीएस जब्बल को सलाहकार, शासकीय महाविद्यालय दुर्ग से सेवानिवृत प्राचार्य प्रो. बीएस छाबड़ा को कार्यकारी अध्यक्ष, सेवानिवृत इन्शोरेन्स अधिकारी बीएस सलूजा को सचिव, आरडीए के कार्यपालन अभियंता तेजपाल सिंह हंसपाल को सह सचिव और निजी उद्यम में कार्यरत विक्रम सिंह को कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। एसोसियेशन ने मेडिकल कमेटी के चेयरमेन पद पर डॉ. कुलदीप सिंह छाबड़ा को और एजुकेशन कमेटी के चेयरमेन पद पर प्रो. बीएस छाबड़ा का चयन किया। इसके अतिरिक्त कॉऊंसिलिंग कमेटी,मीडिया कमेटी, कल्चरल कमेटी, स्मारिका कमेटी और आऊटडोर विजिट कमेटी का भी गठन किया गया है।

श्रद्धालुओं ने करवाया विद्यारंभ, पुंसवन एवं दीक्षा संस्कार

# पूर्णाहुति के साथ गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा का हुआ समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी के बोरिया खुर्द में 29 मार्च से शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि साधको की टोली द्वारा आयोजित गायत्री यज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा का समापन 31 मार्च को पूर्णाहुति के साथ हुआ। क्षेत्रवासियों ने कार्यक्रम बढ़चढ़कर अपनी भागीदारी दिखाई। पंडित प्रभात उपाध्याय एवं सहयोगी साधको द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। पंडित उपाध्याय ने वेद, पुराण, गीता, रामायण के श्लोकों का संगीतमय गायन करते हुए परिवार निर्माण, समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण, पर जोर दिया।

पंडित उपाध्याय ने भगवान राम के जन्म और रामराज्य के संबंध में कहा कि भगवान राम का जन्म के लिए साधना तपस्या, गुरु का वरण और यज्ञ कर्म अति आवश्यक है, और राम राज्य के लिए सदगुरु से दीक्षा लेकर गुरु के बताए गए मार्ग पर चलना आवश्यक है। उनके द्वारा गुरु दीक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो व्यक्ति दीक्षा नही लेते उन्हें निगुरा कहा जाता है। भारत को जगद्गुरु बनाने के लिए पहले भारतवासियों का दीक्षित होना आवश्यक है।

महायज्ञ में 70 बच्चों का विद्यारम्भ संस्कार,13 दीक्षा संस्कार, 5 महिलाओं का पुंसवन संस्कार निशुल्क कराया गया। कार्यक्रम में ग्राम के पूर्व सरपंच रामाधार साहू, नारायण लाल साहू, गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ की जोन समन्वयक श्रीमती आदर्श वर्मा, पूर्व जोन समन्वयक दिलीप पाणिग्रही, उपजोंन समन्वयक सीपी साहू, जिला समन्वयक लच्छू राम निषाद, ब्लॉक समन्वयक हीरालाल निषाद, वरिष्ठ गायत्री परिजन तीरथ राम साहू, सुखदेव देवांगन, डॉक्टर आरके प्रजापति, आरएस चौरसिया, छोटेलाल साहू, ऋषि साहू, मोहनलाल साहू, अनोखी निषाद, हरिराम साहू, दिलीप निषाद, पूर्णिमा साहू, उर्मिला नेताम, नीलकंठ साहू, घनश्याम केसरवानी, किरण साहू नरेंद्र आदिल, अरविंद गिरी, परमानंद साहू, धनलक्ष्मी दुबा, अन्नू साहू, कृष्ण कुमार, जयप्रकाश साहू, राजू देवांगन, संदीप साहू, लेखराम साहू, पूर्णिमा साहू, नम्रता शुक्ला, अनुसुइया साहू, रमा साहू, श्वेता गुप्ता, संजीव यादव एवं बोरिया खुर्द क्षेत्र के श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

# सी-विजिल एप्लीकेशन को और भी बनाया सशक्त

## सी-विजिल के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों का हुआ निराकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन - 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग के सी-विजिल एप (सिटिजन विजिल एप) पर लोगों से प्राप्त हो रही शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है। 1 अप्रैल 2024 तक की स्थिति में सी-विजिल के माध्यम से प्राप्त सभी 197 शिकायतों का निराकरण कर लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें सी- विजिल के माध्यम से मिल रही हैं। सी-विजिल पर मिलने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में अलग से नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले स्वयं प्रतिदिन मिलने वाली शिकायतों पर हुई कार्रवाई की निगरानी कर रही हैं।

लोकसभा निर्वाचन - 2024 के दौरान राज्य में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्मित सी- विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फोटोग्राफएवं वीडियो के साथ-साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यदि कोई नागरिक राज्य में आचार संहिता उल्लंघन की कोई




घटना देखता है तो सी-विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है। शिकायत गुप्त रूप से भी की जा सकती है या एप्प में पंजीकृत होकर भी की जा सकती है। पंजीकृत उपयोगकर्ता के रूप में शिकायत करने पर उपयोगकर्ता को शिकायत निराकरण के पश्चात उसकी सूचना भी दी जाएगी। यह एप्लीकेशन आम नागरिकों के लिए एंड्राइड/आईओएस दोनो पर उपलब्ध है। सामान्य मामलों में शिकायतों पर कार्यवाही 100 मिनिट के भीतर पूरी कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जाएगी।

सीविजिल एप का उपयोग करते हुए नागरिक निर्वाचन अवधी के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय जाए बिना ही आनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सीविजिल एक आसान ऐप है जो प्रयोक्ता अनुकूल तथा उपयोग करने में आसान है। यह एप्लिकेशन सतर्क नागरिक को जिला नियंत्रण कक्ष, रिटर्निंग अधिकारी तथा फिल्ड सत्यापन इकाई ( उड़न दस्ते / स्थैतिक निगरानी दलों) से जोड़ती है जिसके द्वारा एक तेज तथा सटीक रिपोर्टिंग, कार्रवाई एवं अनुवीक्षण तंत्र तैयार होता है।

### नागरिकों द्वारा शिकायत करने की प्रक्रिया

गूगल प्ले स्टोर /एप्पल स्टोर से सीविजील एप डाउनलोड करें। नागरिक या तो मोबाइल नम्बर और ओटीपी के माध्यम से लाग-इन कर सकते हैं या गुमनाम रूप से भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का फोटो/वीडियो/आडियो कैप्चर करें। पूर्व से रिकार्ड किए गए फोटो/वीडियो/आडियो अपलोड नही किए जा सकते। घटनास्थल की सटीक लोकेशन की पहचान करने में सहायता के लिए अतिरिक्त जानकारी दर्ज करें। सभी अनिवार्य फील्ड दर्ज करने के बाद सबमिट पर क्लिक करें।

सी-विजिल शिकायतकर्ता को फोन नंबर और अपनी पहचान को गुप्त रखते हुए भी शिकायत दर्ज कराने की सुविधा प्रदान करता है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत पर की गई कार्यवाही को ट्रैक कर सकते हैं। इस एप्लिकेशन के माध्यम से नागरिकों की शिकायत पर पूरी कार्यवाही 100 मिनिट के पूर्ण की जाती है।

### एआरओ ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दिये निर्देश

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर धरसिवा विधानसभा के एआरओ नंदकुमार चौबे ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्र स्वामी आत्मानंद स्कूल गोगाव, शासकीय प्रा शाला गोंदवारा,शासकीय प्रा शाला उद्योग नगरी बिरगांव, आदर्श स्कूल रावाभाठा, शासकीय प्रा शाला बंजारी नगर रावाभाठा, शासकीय नवीन प्रा शाला रावाभाठा, ज्ञानप्रकाश विद्या मंदिर रावाभाठा मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बुनियादी सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शहरी स्वास्थ्य केंद्र गोगाव का भी निरीक्षण किया गया जहां वाटर फिल्टर की आवश्यकता बताई गई जिस पर नंदकुमार चौबे ने स्वास्थ्य विभाग को जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में पेयजल, बिजली, शौचालय और रैंप की व्यवस्था की जाएं। चूँकि मतदान तेज तापमान वाले समय मई माह में है इसलिए गर्मी को ध्यान रखते हुए छाँव के लिए पंडाल की व्यवस्था रखें। इस अवसर पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, एसडीओ आरईएस, सीएमओ तथा राजस्व के अधिकारीगण उपस्थित रहें।




# स्कूल के विद्यार्थियों-अध्यापकों ने ली मतदान की शपथ



### ताली, चम्मच, डेस्क, लकड़ी के गुटके बजाकर मतदाताओं को प्रेरित किया

**रायपुर।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा विश्वदीप मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी-स्वीप के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस अभियान तहत जेआर दानी शास कन्या उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल-कालीबाड़ी में रंगोली, चित्रकला, पोस्टर चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य हितेश कुमार दीवान के निर्देशन में किया गया।

प्राचार्य हितेश कुमार दीवान ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने की बात बताते हुए मतदान की शपथ दिलाई। डॉ कामिनी बावनकर ने चुनाव का पर्व -देश का गर्व स्लोगन से लोगों को शत-प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता के लिए छत्तीसगढी गीत 'मैं भारत हंव...' पर बीएड छात्राध्यापक हेमधर साहू के सानिध्य में जेआर दानी स्कूल की छात्राओं ने बैंडधुन की तर्ज पर लयबद्ध चम्मच-ताली-लकड़ी के गुटके-व डेस्क बजाकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए ध्यानाकर्षण किया। धुन का कान्सेप्ट कामिनी बावनकर का था। साऊण्ड बजाकर स्वीप के इस कार्यकम में सीएसी आरती शर्मा, प्रधानपाठक क्रांति चंद्राकर मैडम व शाला के समस्त शिक्षक गण एवम विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### मतदान दलों का रेंडमाईजेशन




**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में मतदान दलों का रेंडमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह, उप जिला निर्वावन अधिकारी उमाशंकर बंदे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार में सांय-सांय हो रहा काम : साय

## चुनावी सभा में मुख्यमंत्री ने भरी हुंकार, कांग्रेस सरकार की कमियां गिनाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को कोंडागांव और धमतरी जिले में धुआंधार चुनावी सभा की। इस दौरान दोनों जगहों पर बीजेपी सरकार और केंद्र की उपलब्धियों का बखान किया। पूर्व की कांग्रेस सरकार की कमियां गिनाई। पूर्व सीएम सीएम भूपेश बघेल पर जमकर बरसे। कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में हर काम सांय-सांय हो रहा है और कांग्रेस का बाय-बाय हो रहा है। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता बीजेपी में शामिल हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने धमतरी के नगरी में चुनावी सभा में कहा कि सरकार में आते ही हमने पीएम मोदी की सभी प्रमुख गारंटियों को सांय-सांय पूरी की। लोकसभा चुनाव के बाद भी मोदी की बची गारंटियों को भी सांय-सांय पूरा करेंगे। उन्होंने भूमिहीन श्रमिकों को 10 हजार रुपये और 500 रुपये में सिलेंडर देने के वादे को भी पूरा करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूपेश बघेल ने महादेव को भी नहीं छोड़ा। सट्टा एप को निर्बाध रूप से चलाने के लिए 508 करोड़ रुपये का प्रोटेक्शन मनी लेने का उन पर आरोप है और एफआईआर भी दर्ज हुआ है। ऐसे लोगों को लोकसभा चुनाव में भी सबक सिखाना है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ बना दिया, घोटाले का गढ़ बना दिया। कांग्रेस की सरकार ने कोयला में 25 रुपया प्रति टन के हिसाब से कमीशन लिया।

इससे पहले केशकाल के चुनावी सभा में पूर्व की भूपेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ने 5 साल में गरीबों को पक्के आवास न देकर उन्हें बेघरबार करने का पाप किया था, लेकिन हमारी सरकार बनते ही हमने 18 लाख परिवारों के लिए पक्के आवास को मंजूरी दी। पीएससी में घोटाला कर कांग्रेस ने प्रदेश के होनहार बेटे-बेटियों के भविष्य से खिलवाड़ किया, हमारी सरकार के वादे के अनुसार घोटाले की सीबीआई जांच शुरू हो गई है। दोषीदार जल्द ही जेल में होंगे। बस्तर संभाग के संवेदनशील गांवों के रहवासियों को भी सारी मुलभूत सुविधाएं मिले, इसके लिए हमने नियद नेल्लानार योजना की शुरुआत की । इसके अंतर्गत ग्रामीणों को राशन, सड़क, स्वच्छ पेयजल, बिजली, स्कूल, अस्पताल सारी सुविधाएं मिल रही हैं। चरण पादुका जैसी योजनाएं, जिसे भूपेश सरकार ने बंद कर दिया था उसे भी दोबारा शुरू करेंगे।

आदिनाथ भगवान की शोभायात्रा कल

# धूमधाम से मनाया जाएगा जन्म कल्याणक महोत्सव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड में मूलानायक प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महामहोत्सव धूम धाम से मनाया जायेगा।

ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय नायक ने बताया की इस उपलक्ष्य में एक विमान यात्रा (शोभा यात्रा) चांदी के रथ में श्रीजी को विराजमान कर 3 अप्रैल को प्रात:7.30 बजे से मालवीय रोड स्थित बड़ा मंदिर से धार्मिक धुनों में बाजे गाजे के साथ निकाली जायेगी। जिसमे पुरुष वर्ग पारंपरिक परिधान कुर्ता पैजामा में महिलाए केसरिया साड़ी में आएंगे। यह शोभा यात्रा मालवीय रोड स्थित बड़ा मंदिर से सदर बाजार, एडवर्ड रोड,आर एस शुक्ल रोड होते हुए वापस बड़ा मंदिर आएगी। इसके बाद 8.30 बजे श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा, आरती एवं पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम पश्चात उपस्थित साधार्मीक धर्मप्रेमी बंधुओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी रखी गई है।




### वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में जिन प्रतिमाओं का मज्ज़न किया गया

डीडी नगर स्थित वासुपुज्य दिगंबर जैन मंदिर में 31 मार्च को मंदिर में विराजमान जिन प्रतीमाओ का मज्जन किया गया। मंदिर के अध्यक्ष यशवंत जैन ने बताया की सुबह 7.30 बजे श्रीजी अभिषेक शांतिधारा आरती पूजन पश्चात प्रसुक जल से सभी प्रतिमाओं का मज्जन करवाया गया। जैन संप्रदाय में मज्जन का अर्थ परिमार्जन से है अर्थात स्वच्छ या शीतल करने के लिए सारा शरीर प्रसूक जल से धोने के कार्य को मज्जन कहा जाता है। विदित हो की आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से सभी प्रतिमाओं का पंचकल्याणक अमरकंटक में हुआ था। तत्पश्चात सभी प्रतिमाओं को लेकर यहा विराजमान किया गया था। रायपुर में पहली बार राजस्थान के लाल पत्थरो से निर्मित किया गया है यह मंदिर का निर्माण राजस्थान के कारीगरों द्वारा करोना काल में दिन रात कड़ी मेहनत कर 2 वर्षो मे निर्मित किया गया है। यहाँ मुलनायक वासुपूज्य भगवान की 2 टन वजनी प्रतिमा एवं 400 किलो वजनी अष्ट धातु सें निर्मित 2 प्रतिमा विराजमान है। अन्य छोटी प्रतिमाएं अष्ट धातु से निर्मित है तथा भूतल से मंदिर के शिखर की ऊंचाई 51 फुट है। इस आयोजन में विशेष रूप से यशवंत जैन,पवन सेठी,प्रवीण संघी,निलेश जैन,आशीष जैन,अभिषेक जैन,डॉ विशाल जैन,बाहुबली जैन,महेंद्र जैन,अशोक जैन, निर्मल कुमार जैन, नरेश जैन, प्रथम जैन, राजेश जैन के साथ बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित थी।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















# दुल्हन की तरह सज गया आरती का घर

## गोविंदा की भांजी ने कहा-नई शुरुआत!

आरती सिंह की जिंदगी की नई शुरुआत होने जा रही है। वो जल्द ही दुल्हन बनने वाली हैं। बॉयफ्रेंड दीपक चौहान संग सात फेरे लेने वाली हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फूलों से सजे घर की झलक दिखाई। इसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि शादी के लिए जोरशोर से तैयारी चल रही है।

टीवी एक्ट्रेस, 'बिग बॉस 13' की कंटेस्टेंट और बॉलीवुड एक्टर गोविंदा की भांजी आरती सिंह। आरती अब अपनी जिदंगी का नया चैप्टर शुरू करने वाली हैं। वो शादी कर रही हैं। ये खबर कई दिनों पहले ही आ गई थी। आरती ने तो अपने होने वाले पति की झलक भी दुनियावालों को दिखा दी है। उनका नाम दीपक चौहान बताया जा रहा है। खैर। अब वो घड़ी आ गई है, जब आरती दुल्हन बनेंगी। इसके लिए जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। घर को फूलों से सजा दिया गया है और एक्ट्रेस पर 'लाल इश्क' भी चढ़ गया है।



### लाल साड़ी में लिपटीं आरती सिंह

लाल साड़ी में लिपटीं आरती सिंह भी बहुत प्यारी लग रही हैं। हाथों में चूड़ियां और बालों में गजरा लगाए आरती सिंह का ऐसा अवतार आपने शायद ही पहले कभी देखा होगा।

### फैंस दे रहे हैं बधाई

आरती सिंह के इस पोस्ट पर उनके भाई कृष्णा अभिषेक और भाभी कश्मीरा ने कॉमेंट किया है। कृष्णा लिखते हैं, 'क्या बात क्या बात क्या बात।' वहीं, कश्मीरा ने उन्हें खूबसूरत कहते हुए कॉमेंट किया, 'आखिरकार तुम्हें तुम्हारा सपना मिल गया।' बिपाशा बासु ने आरती को बधाई दी। वहीं, शहनाज गिल के फैंस भी सवाल पूछ रहे हैं कि क्या वो उन्हें अपनी शादी में इनवाइट करेंगी!

### 14 फरवरी को दिखाई थी झलक

आरती ने वैलेंटाइन डे के खास मौके पर होने वाले पति की हल्की सी झलक दिखाई थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा था, 'जिसका मुझे था इंतजार...।'


### गोविंदा को भेजेंगे शादी का पहला कार्ड

बता दें कि कृष्णा और आरती ने कहा था कि वो शादी का पहला कार्ड मामा गोविंदा और मामी सुनीता को भेजेंगे। कृष्णा और गोविंदा के परिवार की लड़ाई जगजाहिर है। दोनों की ही तरफ से कई तरह के आरोप लगाए गए थे। इस लड़ाई में सुनीता और कश्मीरा भी कूद गई थीं।

### किस दिन लेंगी सात फेरे?

आरती ने एक इंटरव्यू में बताया था कि अप्रैल या मई, जिस महीने में उनकी पसंद का वेन्यु मिल जाएगा, वो उस महीने में शादी कर लेंगी। ये डेस्टिनेशन वेडिंग नहीं होगी। मुंबई में ही सारे प्रोग्राम होंगे। ये भी बताया गया कि आरती बैचरलेट पार्टी भी वेडिंग डे के आसपास ही करेंगी। मेहमानों की लिस्ट में सिद्धार्थ शुक्ला की फैमिली, सलमान खान सहित इंडस्ट्री के कई सितारे शामिल हैं। दीपक के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। मीडिया रिपोर्ट्स बता रही हैं कि वो बिजनेसमैन हैं, उनका करोड़ों का कारोबार है और वो आरती को कई साल से डेट कर रहे हैं।

## क्यों 25 लाख में बेचा फिल्मफेयर अवॉर्ड



साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'फैमिली स्टार' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म के प्रचार के लिए वे लगातार इवेंट्स कर रहे हैं। साथ ही साक्षात्कार भी दे रहे हैं। अब उन्होंने हाल ही में दिए साक्षात्कार में अपने पहले पुरस्कार से जुड़ा हैरान कर देने वाला खुलासा किया। विजय ने खुलासा किया कि उन्होंने अपने प्रदर्शन के लिए मिले पहले फिल्मफेयर अवॉर्ड की नीलामी की थी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने यह पैसा दान किया है और यह उनके लिए एक अच्छी याद है। अपने पहले पुरस्कार के अलावा विजय ने यह भी खुलासा किया की उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा को एक पुरस्कार दिया था, क्योंकि वे प्रमाणपत्र और पुरस्कार में रुचि नहीं रखते हैं। अपने पुरस्कारों के बारे में बात करते हुए विजय ने कहा कि मैं प्रमाणपत्रों और पुरस्कारों में इतना दिलचस्पी नहीं रखता हूं। कुछ शायद ऑफिस में होंगे, कुछ मेरी मां ने कहीं रख दिए होंगे। कुछ पुरस्कार मैंने दिए। एक पुरस्कार मैंने संदीप रेड्डी वांगा को दिया।


अभिनेता ने आगे कहा कि मुझे पहला पुरस्कार फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का मिला था, जिसे हमने नीलाम कर दिया। हमने मुझे मिले पहले पुरस्कार का नीलाम किया और हमें जो पैसा दिया गया, उसका मुझे एक अच्छा हिस्सा मिला और उसे हमने दान कर दिया। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए मेरे घर में पत्थर के टुकड़े से भी अच्छी याद है। विजय अपनी फिल्मों के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहते हैं।

बीते लंबे समय से रश्मिका मंदाना और उनका नाम साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों के अफेयर की चर्चाएं होती हैं। इस बारे में हाल ही में एक इवेंट में विजय ने एक संकेत दिया था। उन्होंने कहा था कि वे लव मैरिज करना चाहते हैं और 'पिता बनना' चाहते हैं। वे केवल उसी व्यक्ति से शादी करेंगे, जिसे उनके माता-पिता स्वीकार करेंगे। यह खबर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना के लिव-इन रिलेशनशिप में रहने की अफवाहों के बीच आई है।

वहीं, बात करें अभिनेता की फिल्म के बारे में तो आखिरी बार अभिनेता को 'खुशी' में देखा गया था, जिसमें सामंथा रुथ प्रभु मुख्य भूमिका में थीं। वहीं अब विजय अपनी अगली फिल्म 'द फैमिली स्टार' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में वे मृणाल ठाकुर के साथ नजर आएंगे। यह फिल्म पांच अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## कौन हैं शिखर पहाड़िया, जिनसे जाह्नवी की हो रही शादी की चर्चा

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हमेशा सुर्खियों का हिस्सा बनी रहती हैं। कभी अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर तो कभी पर्सनल लाइफ को लेकर। बीते कुछ दिनों से जाह्नवी कपूर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो जाह्नवी शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। दोनों को अक्सर कई इवेंट्स में साथ में देखा गया है। जाह्नवी और शिखर की फोटोज भी आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं। शिखर फिल्म इंडस्ट्री से नहीं हैं। आइए आपको बताते हैं कि आखिर शिखर पहाड़िया कौन हैं जिन्हें जाह्नवी डेट कर रही है।



### कौन हैं शिखर पहाड़िया

जाह्नवी कपूर और शिखर पहाड़िया के रिलेशनशिप पर एक्ट्रेस के पिता बोनी कपूर ने मुहर लगा दी है। जिसकी वजह से शिखर इन दिनों हर चर्चा का हिस्सा बना गए हैं। इतना ही नहीं खुशी कपूर ने पहले ही कॉफी विद करण में जाह्नवी और शिखर के रिलेशनशिप को लेकर हिंट दे दिया था। शिखर के बैकग्राउंड की बात करें तो वो एक राजनीतिक परिवार से आते हैं। वो महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के पोते हैं। शिखर के प्रोफेशन की बात करें तो वो एक बिजनेसमैन हैं। उनका बॉलीवुड से कोई नाता नहीं है मगर इंडस्ट्री में उनके कई दोस्त जरुर हैं। बता दें जाह्नवी कपूर पहले भी शिखर पहाड़िया को डेट कर चुकी है। मगर कुछ समय बाद उनका ब्रेकअप हो गया था। करण जौहर ने कॉफी विद करण 7 में जाह्नवी और शिखर की डेटिंग रुमर्स को कंफर्म भी किया था लेकिन जाह्नवी ने इस पर चुप्पी साधी रखी और कहा था वो सिंगल हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो जाह्नवी और शिखर का बीते साल ही पैचअप हुआ है। दोनों अक्सर साथ में नजर आते हैं। अब तो शिखर बोनी कपूर और अर्जुन कपूर के साथ भी कई बार पोज देते नजर आते हैं। उनकी जाह्नवी की फैमिली के साथ फोटोज वायरल होती रहती हैं।



## शैतान' को मिल रहा किस बात का फायदा?

### चौथे हफ्ते में 150 करोड़ की तरफ बढ़ रही फिल्म

अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' ने बॉक्स ऑफिस पर वो कमाल कर दिखाया है जो बहुत कम ही फिल्में कर पाती हैं। महज 65 करोड़ रुपये की लागत में बनी यह फिल्म अभी तक 130 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है और अब धीरे-धीरे 150 करोड़ का आंकड़ा छूने की तरफ बढ़ रही है।

ऐसा बहुत कम ही देखने को मिलता है कि कम बजट और सीमित स्टार कास्ट के बावजूद कोई फिल्म ऐसा कमाल कर जाए। एक बार फिर यह फिल्म साबित करती है कि कहानी, एक्टिंग और डायरेक्शन अच्छा हो तो कम बजट वाली फिल्में भी चल सकती हैं।



### शैतान का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन!

फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो ओपनिंग डे पर 14 करोड़ 75 लाख रुपये की कमाई करके इस फिल्म ने पहले ही दिन अपने तेवर दिखा दिए थे। दूसरे दिन 18.75 करोड़ और तीसरे दिन 20.50 करोड़ रुपये की कमाई करके इस फिल्म ने पहले ही वीकेंड में लगभग अपना पूरा बजट निकाल लिया था। पहला हफ्ता खत्म होने तक यह फिल्म तकरीबन 80 करोड़ रुपये भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कमा चुकी थी, और दूसरे हफ्ते में इसकी कुल कमाई 35 करोड़ रुपये के आसपास रही।

### चौथे हफ्ते में कितनी हुई कुल कमाई?

मजे की बात यह है कि जहां फिल्मों के लिए आजकल 2 हफ्ते भी सिनेमाघरों में टिके रहना मुश्किल हो जाता है, वहीं यह फिल्म तीसरे हफ्ते में भी लगभग 20 करोड़ रुपये की कमाई करने में कामयाब रही। चौथे हफ्ते की बात करें तो बीते शुक्रवार को इसने 1.25 करोड़ रुपये कमाए और शनिवार को कलेक्शन 1.60 करोड़ रुपये रहा। रविवार को 1.90 करोड़ रुपये की कमाई के साथ इस फिल्म ने अपना चौथा वीकेंड पूरा किया और इस तरह अभी तक का कुल कलेक्शन 138 करोड़ 90 लाख रुपये हो चुका है।

### फिल्म को मिला इस बात का फायदा

फिल्म को प्रमोशन से ज्यादा फायदा माउथ पब्लिसिटी का मिला है। क्योंकि फिल्म की कहानी बहुत शानदार है इसलिए जनता ने इसे खूब प्यार दिया और धीरे-धीरे तारीफ सुनकर बाकी लोग भी सिनेमाघरों में पहुंचने लगे। फिल्म का जलवा ऐसा है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा और करीना कपूर खान की क्रू भी इसका कुछ खास बिगाड़ नहीं पाई। वक्त के साथ रफ्तार धीमी जरूर पड़ी है लेकिन यह फिल्म अभी भी थिएटर्स में टिकी हुई है। देखना होगा कि इसका टोटल वर्ल्डवाइड कलेक्शन कितना रहता है।

## पेट के लिए काफी फायदेमंद है बेल का शरबत

जो लोग हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल को फॉलो नहीं करते हैं उन्हें गर्मी के मौसम में अपच, गैस, डायरयिा, पेट में गर्मी, एसडिटी, पेट दर्द और कई दूसरी समस्याएं होने का खतरा रहता है। इन समस्याओं से बचने के लिए आपको डाइट में ऐसी चीज शामिल करनी चाहिए जो तासीर में ठंडी हो और पेट को आराम पहुंचाए। गर्मी में बेल का शरबत पीना पेट के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद होता है। बेल तासीर में ठंडा होता है। इसे पीने से पेट की गर्मी और अन्य समस्याएं दूर होती हैं।

बेल को पेट के लिए दवा से ज्यादा असरदार माना गया है। बेल में विटामनि-ए, विटामिन सी, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, फोलेट, पोटैशयिम और फाइबर की अच्छी मात्रा होती है। इससे पेट और पाचन से जुड़ी समस्याएं दूर रहती हैं। एक कप बेल के शरबत में करीब 60-70 कैलोरीज पाई जाती हैं।



### बेल का शरबत पीने से क्या फायदा होता है

गर्मी के मौमस में रोजाना बेल का शरबत पीने से पाचन में सुधार आता है। बेल में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है जिससे पेट के पाचन को सुधारने में मदद मिलती है। बेल के शरबत पीने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। बेल में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाते हैं और एसिडिटी की समस्या को कम करते हैं।

गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए बेल के शरबत काफी अच्छा माना जाता है। इसमें पानी की मात्रा काफी ज्यादा होती है, जिससे पेट में अल्सर की समस्या नहीं होती और पानी की कमी भी नहीं हो पाती है। गर्मी में पेट को ठंडा रखने के लिए बेल के शरबत का इस्तेमाल किया जाता है। बेल की तासीर ठंडी होती है, जिससे पेट में गर्मी, अपच और दूसरी समस्याएं नहीं होती हैं और शरीर ठंडा रहता है। बेल को विटामिन-ए, विटामिन सी और बी-6 का अच्छा सोर्स माना जाता है जिससे आपके पेट का स्वास्थ्य बेहतर बनता है। बेल को पेट के लिए दवा से ज्यादा असरदार माना गया है।

### लू से बचने के लिए इन उपाय को भी आज़माएं

धूप में कम से कम निकले। अगर निकलना जरूरी है तो सिर ढक कर निकले। आपका शरीर डिहाइड्रेशन का शिकार न हो इसलिए बार-बार पानी पीते रहें। दिन में करीब 2-3 बार पानी में नींबू और नमक डालकर पिएं। बाहर से आकर तुरंत पानी पीने से बचें। जब शरीर का तापमान सामान्य हो जाए उसके बाद ही पानी पिएं। गर्मी में लू से बचने के लिए हमेशा ढीले और सूती के कपड़े पहन। घर से बाहर जाने पर छतरी के अलावा एक पानी की बोतल अपने पास जरूर रखें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### मशीन 2 सिंटर प्लांट 3 परिसर में स्वच्छता ही सेवा है का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मशीन 2 सिंटर प्लांट 3 परिसर में 30 मार्च 2024 को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा है का आयोजन किया गया था। इस अभियान में मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता, महाप्रबंधक एम आर के शरीफ महाप्रबंधक ए के बेडेकर, महाप्रबंधक सौरभ वार्षनेय एवं कार्मिक अधिकारी के जोत कुमार सहित अन्य सभी कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ हुई, जिसके बाद पूरे परिसर में सफाई का व्यापक अभियान चलाया गया। कर्मचारियों के बीच सुरक्षा संस्कृति को बढावा देने और ष्शून्य दुर्घटनाष् के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी स्वच्छता का विशेष महत्व है। जिसके लिए विशेष सफाई अभियान के तहत जोखिम मुक्त कार्यक्षेत्र का परिवेश बनाने हेतु, विभाग द्वारा हाउस कीपिंग भी की गई। हाउस कीपिंग के माध्यम से स्क्रैप और अवांछित सामग्रियों की सफाई की गई। जिसके परिणामस्वरूप काम करने के लिए सुरक्षित माहौल और बेहतर जगह तैयार हुई है। इन प्रयासों के माध्यम से ही हम स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। अपने कार्य स्थल एवं आसपास को साफसुथरा रखकर हम सभी सफाई अभियान को सार्थक बना सकते हैं। स्वच्छता और सुरक्षा को सर्वोपरि मानकर कार्य करें तथा स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल कर कार्यस्थल की स्वच्छता के प्रति सभी को जागरूक करें।

### कोरबा की जनता कांग्रेस के धोखे में नहीं आने वाली: मंत्री देवांगन

**कोरबा।** सांसद ज्योत्सना महंत पर तंज कसते हुए उद्योग मंत्री ने कहा की जब कोरोना की महामारी फैली थी तब यहां की सांसद गायब थी, जब शहर में घंटो बिजली गुल रहती थी तब भी सांसद गायब रही, क्या कोरबा लोकसभा की जनता ने उनको गायब रहने के लिए सांसद बनाकर दिल्ली भेजा था, जनता अब कांग्रेस के धोखे में नहीं आएगी। जनता इस बार कांग्रेस को वोट की चोट देगी, सांसद को सबक सिखाएगी। भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के समर्थन में उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन का धुंआधार प्रचार रविवार को कोसाबाड़ी मंडल के तीन वार्डों में जारी रहा।सुभाष ब्लॉक में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए मंत्री देवांगन ने कहा कि एसईसीएल कर्मचारियों की समस्या को पहली और आखरी बार यहां की सांसद ने कब उठाया था, आज कॉलोनियों में मकान रहने लायक नहीं है, कर्मचारी कई तरह के विसंगतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की सांसद ने कभी मुखरता से आवाज ही नहीं उठाई। इस अवसर पर युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, कोसाबाडी मंडल के अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद सुशील गर्ग, दिनेश वैष्णव, राम त्रिपाठी, मनोज सिंह,सुमन सोनी, वैभव शर्मा, यासीन खान, मनोज यादव समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। काशीनगर में आयोजित नुक्कड़ सभा में मंत्री श्री देवांगन ने सांसद पर तंज कसते हुए कहा की श्रमिक और श्रमिक बस्तियों से ज्योत्सना महंत ने पूरे पांच साल से दूरी बना कर रखी रही, कांग्रेस झूठे वादे कर पिछले चुनाव जीत गई थी, चुनाव जीतकर कोरबा से गायब हो गई। पथरीपारा में नुक्कड़ सभा में मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा को स्वर्णिम बनाने का यही सही समय है, बीते पांच साल में कोरबा विकास के मामले में पिछड़ गया, हमे बेहतर कोरबा बनाना है। ट्रेन सुविधा और अच्छी करनी है, स्वास्थ, शिक्षा के मामले में कोरबा को प्रदेश भर में पहले स्थान पर लाना है।

### अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर सो रहे पति की गला घोंटकर की थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नेवई थाना क्षेत्र में 105 दिन पहले शख्स की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस के सामने यह मामला सुलझाना चुनौति बन गया। घटना के 105 दिन बाद पुलिस ने इस मामले में मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर सो रहे पति की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।



बता दें कि 14 दिसंबर 2023 को 23/एल, रिसाली सेक्टर निवासी मेवाराम साहू ने नेवई थाने पहुंचकर बताया कि उसकी बहु संगीता साहू ने बताया कि आपका बेटा लोमेन्द्र साहू जो 13 दिसंबर 2023 के रात को खाना खा कर सो गया। सुबह सुबह 7:30 बजे उठाने पर बिस्तर से नहीं उठ रहा है। इस रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मर्ग जांच में लिया। पीएम रिपोर्ट में हत्या संदेहास्पद बताया गया। इसके बाद पुलिस ने धारा 302 के तहत हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। मामला संदिग्ध होने के साथ ही पुलिस को कोई क्लू नहीं मिल रहा था। नेवई पुलिस के साथ ही साइबर की टीम भी आरोपियों की पतासाजी में लगी रही। इस बीच पुलिस को पता चला कि मृतक की पत्नि संगीता साहू पहले बीएसपी में कम्पयुटर ऑपरेटर का कार्य करती थी। इस दौरान उसकी घनिष्ठता उसी दफ्तर के वाहन चालक सुनील डहरिया के साथ बढ़ गई। इसके बाद पुलिस ने सुनील डहरिया को हिरासत में लिया और पूछताछ की। इस पर उसने संगीता साहू के साथ मिलकर हत्या करना स्वीकार किया। जब महिला पुलिस ने संगीता साहू से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका पति लोमेन्द्र साहू कई सालों से अत्यधिक शराब का सेवन कर रोज मारपीट कर प्रताड़ित करता था। इस बीच सुनील डहरिया ने कई बार समझाया लेकिन उससे भी हाथा-पाई हुई थी। रोज-रोज के इन झगड़ो से तंग आकर सुनील डहरिया और संगीता साहू ने हत्या की योजना बनाई। 13-14 दिसंबर 2023 की दरम्यानी रात जब लोमेन्द्र नशे में सोया हुआ था तो मौका देखकर उसकी पत्नि संगीता साहू ने सुनील डहरिया को घर में बुलाया। इसके बाद संगीता साहू ने लोमेन्द्र के पैर पकड़ लिए और सुनील डहरिया ने टेलीफोन वायर से गला घोंट दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस पूरी कार्रवाई में एसीसीयु से एएसआई पूर्ण बहादूर, आरक्षक अनुप शर्मा, उपेन्द्र यादव, जुगनु सिंह, संतोष गुप्ता, पन्ने लाल, शिव मिश्रा, मेघराज चेलक, तिलेश्वर राठौर, निखिल साहू, महिला आरक्षक आरती सिंह एंव थाना नेवई से एएसआई रामचंद्र कवंर, प्रधान आरक्षक सूरज पाण्डेय, आरक्षक अजीत यादव, लक्ष्मी यादव की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## लायंस क्लब के सेवा कार्यो से लोग हो रहे लाभान्वित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** लायंस क्लब का उदेश्य मानव सेवा करना है जिसके लिए लायंस क्लब के पदाधिकारी व प्रत्येक सदस्य तत्पर रहते हैं। लायंस क्लब के रीजन का कार्यकाल 1 जुलाई से लेकर 30 जून तक का रहता है, जिसमें से 9 माह पूरे हो चुके हैं, इस दौरान कोरबा रीजन ने 297 सेवा कार्य किए है जिससे करीब डेढ़ लाख लोग प्रत्यक्ष रूप से लाभन्वित हुए हैं। अप्रत्यक्ष रूप से लाभन्वित होने वालों की संख्या इससे कई गुना ज्यादा होगी। रीजन ने अब तक अपने वार्षिक लक्ष्य को पूरा कर लिया है, आगे 3 माह बाकी है इस दौरान सेवा कार्य में 25 प्रतिशत वृद्धि करने का प्रयास है।




उक्त कथन रविवार को टीपीनगर के होटल ब्लू डायमंड में आयोजित लायंस रीजन कांफ्रेंस लक्ष्य (प्रेस वार्ता) के दौरान लायंस क्लब के रीजन चैयरमेन रीजन-डेजी लायन पवन शर्मा ने कही। उन्होंने आगे कहा कि लायंस क्लब का लक्ष्य इंटरनेशनल लेवल पर तय होता है। लायंस क्लब का डब्ल्यूएचओ के साथ सर्वे में तय होता है कि अगामी 10 वर्षो के दौरान किस क्षेत्र में मानव सेवा किया जाए। हालांकि इंटरनेशनल लेवल पर तय सेवा कार्यो के साथ ही लायंस क्लब द्वारा स्थानीय क्षेत्र में वहां के आवश्यकता के अनुसार भी कार्य किया जाता है। मुख्य रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा व पर्यावरण सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य चल रहे हैं। जिसमें अंधत्व निवारण, डायबिटीज व बच्चों में होने वाले चाइल्ड हुड कैंसर के लिए लायंस क्लब द्वारा सेवा कार्य करते हुए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कांफ्रेंस के दौरान लायन पवन शर्मा के साथ क्लब के द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विजय अग्रवाल, रीजन एडवाइजर एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम.डी. माखीजा एवं कार्यक्रम आयोजक क्लब बालको के अध्यक्ष लायन कैलाश गुप्ता उपस्थित थे। लायन पवन शर्मा ने बताया कि लायंस क्लब के माध्यम से कोरबा रीजन में लायंस क्लब स्कूल के जरिए रियायती फीस पर बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। जहां गरीब वर्ग के बच्चों को निरूशुल्क पढ़ाई के साथ ही उन्हें ड्रेस व पुस्तक-कापी समेत अन्य जरूरी सामग्री भी संस्था के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है।

## भाजपा का हर घर झंडा अभियान बाकी मंडल से भी शुरू हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के बूथ संकल्प अभियान के तहत कल रविवार को वार्ड क्रमांक 61 आदर्श नगर कुसमुंडा के शक्ति केन्द्र 61 में हर घर झंडा लगाकर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष में वोट की अपील प्रदेश मंत्री सुनीता पाटले और बांकि मोगरा मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री श्रीमती सुनीता पाटले के नेतृत्व में कल रविवार को बाकी मोंगरा मंडल के महामंत्री मनीष मिश्रा , शक्ति केन्द्र प्रभारी संतोष राठौर के साथ वार्ड क्रमांक 61 के आदर्श नगर कुसमुंडा में सभी के घरों घर में झंडा बांधा जा रहा है। भाजपा के पक्ष में वोट को लेकर लोगो से अपील भी की जा रही है की लोकसभा में सरोज पांडेय को वोट करें। झंडा अभियान से एक माहौल बन रहा है कालोनी में। झंडा अभियान में उनके साथ मुकुल कर्ष , विकेश झा, गुरुदीप सिंह, केपी पाटले, सालिक राम दुबे, रितेश कुमार, हेमलता सहित भाजपा एससी मोर्चा सहित महिला मोर्चा के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता अभियान में शामिल हुए।

## दंतेवाड़ा व सुकमा तक पहुंचे चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, मतदान के प्रति किया जागरुक

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव मतदान संकल्प यात्रा जारी है। संकल्प यात्रा के दौरान अजय भसीन छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर दंतेवाड़ा, गीदम और सुकमा पहुंचे। यहां उन्होंने व्यापारियों की बैठक ली और सभी को मतदान के प्रति जागरूक किया। अजय भसीन ने पहले मतदान फिर दुकान का संकल्प दिलाया।



अजय भसीन ने बताया कि व्यापारियों के द्वारा शत प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से इस संकल्प यात्रा के माध्यम से व्यापारियों को शपथ दिलाई जा रही हैं। पहले मतदान फिर दुकान प्रस्थान का संकल्प लिया गया है। यही नहीं हम व्यापारी स्वयं मतदान करेंगे आने वाले ग्राहकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। अपने स्टाफऔर अपने परिवार का भी शत प्रतिशत मतदान कराएंगे। अजय भसीन ने बताया कि मतदान संकल्प यात्रा की शुरुआत राजनांदगांव से की गई थी। दंतेवाड़ा व सुकमा पहुंचने पर अजय भसीन का यहां भव्य स्वागत किया गया।

इस संकल्प यात्रा में स्थानीय व्यापारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस यात्रा में शशि भूषण रथ, राजेन्द्र बाफ्ना, सुजीत सिंह, सुनील साहू, नरेंद्र पाणिग्रही, हरीश सोनी, नवीन विश्वकर्मा, मनोज सुराना सहित कई व्यापारी इस अभियान में शामिल हुए। अजय भसीन के साथ भिलाई चेम्बर का एक दल भी इस संकल्प य्यात्रा में सक्रिय है। इस यात्रा में मुख्य रूप से सुनील मिश्रा, दिलीप इसरानी, पवन जिंदल, शिवराज शर्मा उपस्थित थे। यह जानकारी प्रचार प्रभारी शंकर सचदेव ने दी।

## महंत परिवार जांजगीर, कोरबा व छग का सदैव रहेगा ऋणी: डॉ. महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा । स्व. बिसाहूदास महंत न सिर्फ बांगो बांध बल्कि पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के भी स्वप्नदृष्टा थे। वे सही मायने में गांधीवादी, मानवता के पुजारी थे। उन्होंने राजनीति में गुरू, बड़े भाई और मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हुए सभी का मार्गदर्शन किया। आज उनके पद्चिन्हों पर चलकर हम सभी छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा कर रहे हैं।




उक्ताशय के उद्गार अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री जन नेता स्व. बिसाहूदास महंत की 100वीं जयंती शताब्दी समारोह के अवसर पर राजीव गांधी आडिटोरियम टीपी नगर में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अतिथियों ने व्यक्त किए। पुत्र डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि महंत परिवार जांजगीर, कोरबा व छत्तीसगढ़ का सदैव ऋणी रहेगा। कोरबा लोकसभा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि बाबूजी के पद्चिन्हों पर चलना मेरा धर्म है। महंत परिवार 1952 से लगातार जनता की सेवा में लगा हुआ है। मानव सेवा करना मैंने इसी परिवार से सीखा और आगे भी सेवा करती रहूंगी। मैं इस परिवार की छोटी सी कड़ी हूं परंतु बाबूजी के सपनों को पूरा करने पति डॉ. चरणदास महंत के सहयोग से निरंतर प्रयासरत रहूंगी।

इससे पहले स्वागत उद्बोधन पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने देते हुए कहा कि कोरबा ही नहीं वरन छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में बिसाहूदास महंत को चाहने वाले लोग हैं। उनके पुत्र डॉ. चरणदास महंत भी उनके रास्ते पर चलकर 1980 से लगातार 44 वर्षों से सेवा में लगे हुए हैं और ऐसे परिवार को आगे बढने का अवसर मिलना चाहिए। कटघोरा के पूर्व विधायक बोधराम कंवर ने कहा कि वे सही मायने में गांधीवादी और मानवता के पुजारी थे। उन्होंने हमेशा मुझे मेरे बड़े भाई गणेशराम की तरह ही स्नेह दिया। वे सबकी चिंता करते थे। उनके बताए रास्तों पर हम सब चलते रहेंगे। स्व. महंत के सहयोगी रहे रघुराज पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 1967 से जीवन पर्यंत स्व. बिसाहूदास महंत के साथ रहा। पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उद्योगों की स्थापना के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बिसाहूदास महंत ने दिए।

जांजगीर लोकसभा से सांसद प्रत्याशी डॉ. शिव डहरिया ने कहा कि स्व. महंत ने छत्तीसगढ़ के धान का कटोरा को आगे बढ़ाने व किसानों को समृद्ध करने के लिए सदैव कार्य किया। उनके समकक्ष ममतामयी मिनीमाता थी। गुरूघासीदास, संत कबीर के कार्यों को बिसाहूदास ने आगे बढ़ाया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार में छत्तीसगढ़ के मसलों पर बिसाहूदास महंत अगुवा की भूमिका निभाते रहे। वरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी ने बिसाहूदास को ध्रुव तारा की संज्ञा देते हुए कहा कि वे रास्ता दिखाने का काम सदैव करते रहे। धरमजयगढ़ के विधायक लालजीत राठिया ने कहा कि पिताजी के द्वारा बिसाहूदास महंत के बारे में कहानी की तरह बताया जाता था कि उनसे राजनीति में संबंध बनाकर चलने की शिक्षा हर किसी को लेनी चाहिए।

अविभाजित मध्यप्रदेश के राज्य वस्त्र निगम के चेयरमैन रहे जगदीश मेहर ने कहा कि बिसाहूदास महंत हम सबके शुभचिंतक थे। उन्होंने बुनकरों के बीच रह कर बुनकरों की गरीबी और उनकी पीड़ा को बहुत करीब से देखा। सबसे पहले कोसा निर्मित वस्त्रों के लिए बाजार तलाशा, बुनकरों को आगे बढ़ाते हुए सिमटे दायरे से निकाल कर विश्व पटल तक पहुंचाया। उनके पुत्र डॉ. चरणदास महंत ने 2 बुनकरों के लिए 1-1 लाख रुपए का प्रतिभा पुरस्कार बिसाहूदास महंत के नाम से देने की घोषणा की जिसका लाभ बुनकरों को मिल रहा है। देवांगन समाज को राजनीति में लाने का भी श्रेय स्व. बिसाहूदास को जाता है।

### अतिथियों का किया गया सम्मान

जयंती शताब्दी समारोह में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत, राजेश महंत के द्वारा आमंत्रित अतिथियों बोधराम कंवर, रघुराज पाण्डेय, राजेन्द्र शुक्ला, राजेन्द्र तिवारी, अरविंद नेताम, सत्यनारायण शर्मा, सुभाष धुप्पड़, अरूण शर्मा, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक फू ल सिंह राठिया, लालजीत राठिया, शेषराज हरवंश, बालेश्वर साहू, राघवेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, मोहिराम केरकेट्टा, शिव डहरिया, दुलेश्वरी सिदार, शिवा मिश्रा, जगदीश मेहर, कबड्डी दास, शेखर शर्मा, देवधर दास महंत, राम पटवा, प्रदेश कांग्रेस सचिव बीएन सिंह, शहर अध्यक्ष सपना चैहान, कुसुम द्विवेदी, उषा तिवारी, अर्चना उपाध्याय, राजीवलखन पाल आदि को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### प्रो साफ्ट प्रीमीयर लीग सीजन-3 तीन से होगा शुरू

**रायपुर।** पी.एस.पी.एल. प्रो साफ्ट प्रीमीयर लीग सीजन-3 का शुभारंभ तीन अप्रैल से होगा। उक्त मैच एक माह तक छत्तीसगढ़ कुलश्रेष्ठ महासभा द्वारा एक माह तक आयोजित किया जाएगा। समापन तीन मई को होगा। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में मीडिया प्रभारी धवल ने दी। पत्रकारवार्ता में आयोजक ने बताया कि उक्त आयोजन स्वर्गीय श्रीमती सरोज बाला कुलश्रेष्ठ की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। पूर्व में दो सीजन आयोजित किए जा चुके हैं। सीजन-3 में 18 टीमें भाग लेगी। खिलाड़ियों के चयन की प्रकिया जारी है। प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनावरण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा 16 मार्च को किया गया। प्रतियोगिता डब्ल्यूआरएस स्पोर्टस एरिना रायपुर में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5 लाख रूपए एवं ट्रॉफी है, जो स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह हरिनखरे की स्मृति में प्रदत्त है। द्वितीय पुरस्कार ढाई लाख रूपए एवं ट्रॉफी अभय कुलश्रेष्ठ की स्मृति में एवं तृतीय पुरस्कार एक लाख रूपए ट्रॉफी एवं स्वर्गीय जी.पी. शिवहरे की स्मृति में विजयी टीमों को प्रदाय की जाएगी।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### लड़कियों की सप्लाई, कई लखपति फंसे, अब फूटा मामला

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार जिला बनने के बाद यह अपराध की दुनिया में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बड़े-बड़े शहरों की तरह यहां भी कारोबारियों, अफसरों को हनीट्रैप में फंसाया जा रहा है। इसका हाल ही में भंडाफोड़ हुआ जब दो लोग अपनी शिकायत लेकर पुलिस के सामने आए।

उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने उन्हें लड़की सप्लाई की थी। उनके साथ वे एक कमरे में गए। कुछ ही देर में नकली पुलिसवाले आ गए। फंसाने की धमकी देने लगे। इस रैकेट ने 2 लोगों से ही 25 लाख रुपए की ठगी की है। अनुमान लगाया जा रहा है कि और भी लोग इस रैकेट के शिकार हुए होंगे, जो बदनामी के डर से सामने नहीं आ रहे हैं। बलौदाबाजार में बीते कुछ महीनों से एक संगठित गिरोह लोगों को हनीट्रैप के जाल में फंसाकर ठगने का काम कर रहा था। थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा भयादोहन कर, झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हुए, लाखों रुपए की वसूली करने वाले इन आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। थाना सिटी कोतवाली में प्रकरण की जांच में पीड़ित पक्ष से विस्तृत पूछताछ की गई है। जिसमें यह तथ्य सामने आया कि मुख्य सरगना मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरैया, दुर्गा टंडन, शिरीष पांडे, महान मिश्रा व अन्य आरोपियों द्वारा महिलाओं को पीड़ितों के घर में भेजा जाता था। कभी वीडियो बनाकर, कभी समाज में जलील करने तो कभी पुलिस में झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम उगाही की जाती थी। लोगों को डराने वे नकली पुलिस का भी इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने मामला संज्ञान में आने पर जांच कर अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी है।

### अवैध गांजा परिवहन करते एक आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद।** अगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्दे नज़र जिला क्षेत्र में हो रहे अवैध रूप से गाजा, शराब व अन्य नशीले पदार्थों के अवैध तस्करी को रोकने के लिए जिले के पुलिस कप्तान के द्वारा लगातार कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किए है। उक्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं एसडीओपी गोपाल वैश्य के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु डी0एस0पी प्रवीण भारती थाना प्रभारी थाना छुरा के नेतृत्व में थाना छुरा के उप निरी0 दिलीप मेश्राम,व अन्य स्टाफको लेकर धरपकड़ की कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से गांजा परिवहन करने वाले के खिलाफ थाना छुरा में अपराध कमांक कमश: 112/2024,धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं। जिसमें आरोपी सुन्दर दीवान पिता स्व.हिच्छा राम दीवान निवासी बोडराबांधा थाना छुरा के कब्जे से कुल 2.982 किग्रा कुल कीमत 29820 रूपया का अवैध गांजा एवं एक नीला रंग का मोटर सायकल हीरो स्पेलेण्डर प्लस बरामद किया गया। आरोपी का कृत्य नारकोटिक एक्ट का घटित करने पाया जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# बड़ी सफलता : सवा करोड़ की ठगी का राज खुला

## झांसी से पकड़ाए 6 शातिर बदमाश, दुर्ग पुलिस की भूमिका रही उल्लेखनीय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** ऑनलाइन ठगी का बड़ा रैकेट पुलिस की पकड़ में आया है। लोगों को शेयर ट्रेडिंग में भरपूर मुनाफा होने का झांसा देना और उसके बाद उनसे निवेश कराने के बाद राशि हड़पना इनका काम है। उत्तर प्रदेश के झांसी में बैठकर पूरे देश में लोगों को चूना लगा रहे थे। दुर्ग के आदर्श नगर में रहने वाला एक शख्स भी इनके झांसे में आया और अपनी जमापूंजी निवेश कर गया। बाद में पता चला कि उसके साथ बड़ी जालसाजी हो गई है। इसके बाद मामला पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने भी तत्परता दिखाई और 6 ठगों को यूपी के झांसी से गिरफ्तार किया। वहीं इस घटना के मास्टर माइंड फरार बताए जा रहे हैं जिसकी तलाश जारी है। इस पूरे मामले का सोमवार को दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने खुलासा किया।

दरअसल 18 मार्च 2024 को आदर्श नगर दुर्ग निवासी रोहित बघेल (62) ने इस संबंध में पद्मनाभपुर थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि आरके टेक्नालॉजी कम्पनी के कर्मचारी सिद्धार्थ सक्सेना द्वारा शेयर बाजार में ट्रेडिंग के नाम पर डी-मेट एकांउट खुलवाकर उनसे 1 करोड़ 29 लाख रुपए निवेश कराया। इसके बाद न तो निवेश की रकम वापस मिली और न ही उसके लाभ की राशि। इस मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट





पर थाना पद्यमनाभपुर में धारा 420, 467, 468, 471, 406, 34 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

### मोबाइल नंबर व आकाउंट डिटेल से मिला ठगों का सुराग

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय व थाना प्रभारी पद्यमनाभपुर अक्षय साबद्रा के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई। जांच के दौरान प्रार्थी के मोबाईल पर आने वाले नम्बरों एवं ट्रेडिंग कार्य को संचालित करने के लिए पैसों के लेने देन में उपयोग होने वाले बैंक एकाउण्ट आदि की जानकारी ली गई। मोबाईल नम्बरों के कॉल डिटेल व ठगी में उपयोग किये विभिन्न बैंकों के खातों का स्टेटमेंट लिया गया। इसकी जांच के बाद पता चला कि यूपी के झांसी में रहकर शातिर यह सारा खेल कर रहे हैं। पैसों का आहरण एक खाते से दूसरे खाते में रुपए जमा कराकर मध्यप्रदेश के छत्तरपुर, ग्वालियर, राजनगर, भोपाल, झांसी से एटीएम एटीएम द्वारा रुपए निकाले गए।

### बार-बार बदल रही थी आरोपियों की लोकेशन

जांच के दौरान आरोपियों की लोकेशन भी बार बार बदल रही थी। इसके बाद पुलिस की एक विशेष टीम निरीक्षक अम्बर सिंह के नेतृत्व में भोपाल रवाना किया गया। आरोपियों की उपस्थिति लगातार भोपाल से ग्वालियर, शिवपुरी, इंदौर फिर झांसी में होना पता चला, जिसके आधार पर टीम झांसी पहुंची। इस दौरान स्थानीय स्तर पर पतासाजी करने पर झांसी स्थित सर्व नगर में चावड़ा बिल्डर्स के अपार्टमेन्ट में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की उपस्थिति की जानकारी मिली। घटना से संबंधित मोबाईल नम्बरों का लोकेशन भी उसी स्थान पर पाया गया। इसके बाद चावड़ा बिल्डर्स के तीसरे माले में स्थित एक अपार्टमेन्ट को चिन्हित कर दबिश दी गयी। यहां से आकाश चौहान, अमित यादव, गौरव सिंह परमार, दिग्विजय सिंह बुंदेला, शिवम यादव एवं बाबू रैंकवार को पकड़ा गया।

### पूछताछ में हुए चौंकाने वाले खुलासे

पुलिस ने सभी आरोपियों से अलग अलग पूछताछ करने पर आकाश उर्फ लक्की ने नाम बदलकर सिद्धार्थ सक्सेना, अमित यादव ने राहुल गुप्ता व विक्रांत गुप्ता के नाम से प्राथी को कॉल कर झांसे में लिया और निवेस कराने के बाद ठगी की। गौरव सिंह परमार उर्फ हमीद उर्फ अमित शर्मा, दिग्विजय सिंह, शिवम यादव उर्फ राम उपाध्याय, बाबू रैकवार उर्फ अमन के द्वारा ठगी की घटना में बैंक खातों की व्यवस्था करना, बैंक से एटीम के माध्यम से रकम निकासी की जाती थी। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि घटना के मास्टर माइंड जितेन्द्र परमार एवं यशवर्धन सिंह परमार हैं जो कि फरार हैं। दोनों की पुलिस तलाश कर रही है और एक टीम झांसी में ही रुकी हुई है।

### मोबाइल सहित यह सामान बरामद

आरोपियों के कब्जे से पृथक-पृथक विभिन्न कंपनियों के 17 मोबाइल फोन एवं उसमें लगे सिम कार्ड, पृथक से 19 नग विभिन्न कंपनियों के सिम कार्ड, 13 नग मोबाईल फोन चार्जर, विभिन्न बैंकों के 9 एटीएम कार्ड, 1 पास बुक, वोटर आईडी कार्ड, पेन कार्ड, ठगी की रकम से खरीदे गई वाहन क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यू एम 6238 रेनो ट्रिबर, वाहन क्रमांक यूपी 93 सीसी 0806 महिन्द्र एक्सयूवी 300, खरीदे गये सोने के आभूषण एवं नगदी रकम 17500 रुपए बरामद कर जब्त किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना पद्यमनाभपुर से निरीक्षक अम्बर सिंह, एसआई निर्मल यादव, एएसआई गंगा राम श्रीवास, आरक्षक त्रिलोक यादव एवं एण्टी क्राईम सायबर यूनिट से प्रधान आरक्षक संतोष मिश्रा, चन्द्रशेखर बंजीर, आरक्षक रिन्कू सोनी, पंकज चतुर्वेदी, विक्रान्त कुमार, जावेद हुसैन एवं सायबर क्राईम झांसी उत्तर प्रदेश के उप निरीक्षक रवि यादव की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### पकड़े गए आरोपियों का नाम

- आकाश चौहान उर्फ लक्की पिता राम भरोसा चौहान 23 साल निवासी ग्राम बक्तरा, पेट्रोल पंप कालोनी थाना बक्तरा, तहसील बुधनी, जिला सिहोर मध्यप्रदेश।
- अमित यादव पिता महेन्द्र यादव 25 साल निवासी सतगुआ, पोस्ट लेधोरा, तहसील व थाना लेधोरा, जिला टीकमगढ़ मध्यप्रदेश।
- दिग्विजय सिंह बुंदेला, पिता बुद्धसिंह बुंदेला 28 साल निवासी रनगंवा थाना बहमिठा तहसील राजनगर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश।
- शिवम यादव पिता प्रमोद कुमार यादव 24 साल निवासी नाउपहरिया पोस्ट गलान तहसील नवगांव थाना हरपालपुर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश।
- बाबू रैकबार पिता अक्षय रैकवार 24 साल निवासी पोस्ट थाना हरपालपुर तहसील नगगांव जिला छतरपुर मध्यप्रदेश।
- गौरव सिंह परमार पिता सत्यभान सिंह परमार 24 साल निवासी पोस्ट हरपालपुर तहसील नवगांव थाना हरपालपुर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश।

# आईपीएल मैच में सट्टा खिलाते दो सटोरी गिरफ्तार

## दिल्ली-चेन्नई क्रिकेट मैच पर चल रहा था खेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** आईपीएल शुरू होने के बाद मैचों पर सट्टा खिलाने वाले सटोरिए भी सक्रिय हो गए हैं। रायगढ़ पुलिस ने रविवार की रात को दिल्ली व चेन्नई के आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाते दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। इन सटोरियों के पास से नगद रकम के साथ मोबाइल व अन्य गैजेट्स जब्त किया गया। धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर जिले में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा पर कार्रवाई जारी है। रविवार रात को साइबर सेल एवं थाना कोतवाली की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर ढिमरापुर चौक पर गौरव देवांगन पैलेस रोड गद्दी चौक थाना कोतवाली रायगढ़ को दिल्ली और चेन्नई के मध्य आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाते पकड़ा गया है। गौरव देवांगन से 15,000 नगद एवं वनप्लस मोबाइल कीमत करीब 42,000 रुपए जब्त किया गया।

इसी प्रकार पुलिस ने जिंदल रोड ढिमरापुर चौक के पास अजहर मोहम्मद को पकड़ा। इसके पास से नगद रकम 20,000 और एक आईफोन 13 प्रो मैक्स कीमती करीब 1 लाख 30 हजार रुपए



का जब्त किया गया। आरोपियों के मोबाइल में व्हाट्सएप ऐप पर क्रिकेट सट्टा खिलाने का लिंक मिला है। आरोपियों पर थाना कोतवाली में धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। दोनों कार्रवाई में पुलिस ने सट्टा में लगे रकम समेत कुल 2 लाख 07 हजार रुपए का मशरूका की जब्त किया गया। सीएसपी आकाश शुक्ला एवं डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा रेड की कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रधान आरक्षक हेमंत पात्रे, जगदीश नायक, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, आरक्षक नवीन शुक्ला, प्रशांत पंडा, विकास प्रधान, सुरेश सिदार, महिला आरक्षक मेनका चौहान शामिल थे।

# शराब पीकर स्कूल में हुड़दंग शिक्षक बर्खास्त व अस्पताल से नदारद स्टाफ नर्स निलंबित, आदेश जारी

**बिलासपुर।** बिलासपुर में शराब पीकर स्कूल में हुड़दंग मचाने वाले शिक्षक संतोष कुमार केंवट को शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं, लंबे समय से अस्पताल से बिना अनुमति के गायब रहने वाली स्टाफ नर्स अनिता मरावी को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण के अनुमोदन के बाद दोनों कर्मचारियों की क्रमश: सेवा समाप्ति एवं निलंबन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। स्कूल शिक्षक की सेवा समाप्ति का आदेश जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से और स्टाफ नर्स का निलंबन आदेश संयुक्त संचालक स्वास्थ्य बिलासपुर से आज जारी किए गए।

गौरतलब है कि मस्तुरी ब्लॉक के ग्राम मचहा में संतोष कुमार केंवट प्राथमिक स्कूल के शिक्षक थे। उनके द्वारा 28 फरवरी को शराब पीकर स्कूल में हुड़दंग मचाया गया। घटना ने मीडिया में काफी सुर्खियां बटोरी थीं। कलेक्टर के निर्देश पर केंवट को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय जांच की गई। इस संबंध में निलंबित शिक्षक का जवाब संतोषप्रद नहीं पाया गया। जिला शिक्षा



अधिकारी ने सहायक शिक्षक संतोष कुमार केंवट को शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 की प्रावधानों के अंतर्गत दीर्घ शास्ति के अनुक्रम में यह कठोर कार्रवाई की है। इसी प्रकार मस्तुरी ब्लॉक के ही ग्राम लोहर्सी स्थित पीएचसी अस्पताल में पदस्थ स्टार्फ नर्स अनिता मरावी को निलंबित कर दिया गया है। मरावी 5 फरवरी से लेकर 4 मार्च तक बिना अनुमति के अस्पताल से नदारद पाई गईं। बीएमओ मस्तुरी ने इस आशय की रिपोर्ट संयुक्त संचालक को भेजकर कार्रवाई के लिए अनुशंसा की थी। निलंबन अवधि में मरावी सीएमएचओ कार्यालय में अटैच रहेंगी। नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलता रहेगा।

# सड़क हादसे में बाल बाल-बचे बघेल



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की लैंड क्रूजर और काफिले की अन्य गाड़ियां हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बचे। भूपेश बघेल रात साढ़े 8 बजे दामाखेड़ा से घर लौट रहे थे। उनके काफिले में सामने चल रही वीआईपी कारकेड की आर-1 सफारी क्रमांक सीजी -03, 5312 चल रही थी। काफिला अपनी पूरी रफ्तार से सिमगा थाने से 2 किमी. दूर स्थित गड़रिया नाले के पास पहुंचते ही अचानक बाईं ओर से बैल सामने आ गया।

आर-1 गाड़ी के ठीक पीछे से दाहिनी तरफ से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लैंड क्रूजर क्रमांक सीजी -07, 0023 में सवार थे। अगर मवेशी को बचाने के लिए वीआईपी कारकेड चालक दाहिनी ओर गाड़ी दबाता तो मवेशी बच जाता लेकिन लैंड क्रूजर और सफारी चपेट में आ जाती। वक्त पर सहीं फैसला लेने से काफिला किसी अप्रिय घटना का शिकार होने से बच गया। हालांकि हादसे में चालक और उसके साथ बैठे पीएसओ को घुटने और पीठ में मामूली चोट आई, और सफारी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

### भूपेश ने ली स्टाफ की खैरियत

हादसे के फौरन बाद भूपेश बघेल ने गाड़ी रुकवाई और चालक पीएसओ की खैर मकदम पूछी, थाना फोन करने जानकारी देने को कहा और पूरे कारकेड को सुरक्षित करने वाले निर्णय को भी सराहा। घटना में सफारी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। और चालक को पीठ और घुटनों में अंदरुनी चोट आई। रायपुर से लोडर बुलाकर दुर्घटना ग्रस्त वाहन को पुलिस लाइन लाया गया।

## दो नाबालिग सहित चार आरोपी पुलिस गिरफ्त में, लाखों के जेवर बरामद

# सेलून संचालक के घर में सेंधमारी, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** दो दिन पहले शिवपारा दुर्ग में सेलून संचालक के घर पर सेंधमारी करने वाले शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी अपने परिवार के साथ छट्ठी कार्यक्रम में अपनी बहन के घर फिंगेश्वर गया था और इधर शातिर चोरों ने घर में घुसकर नगदी व सोने चांदी के जेवर चुरा लिए। मुख्य आरोपी ने जेवर को अपने घर में गाड़ दिया और नगदी आपस में बांटकर खर्च कर दी। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने दो नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों के जेवर बरामद किए।

दरअसल चोरी का यह घटना 28-29 मार्च की दरमियानी रात की है। शिवपारा दुर्ग निवासी प्रवीण सेन अपनी बहन के घर छट्ठी मनाने गया था। 29 मार्च को प्रवीण सेन की भतीजी ने फोन पर उन्हें सूचना देते हुए बाताया कि घर के दरवाजे



का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद प्राथी प्रवीण सेन घर पहुंचा और देखा कि घर के अंदर कमरे में अलमारी का लॉकर टूटा हुआ है और उसमें से सोने चांदी के जेवर व नगदी सहित साउंड सिस्टम, कैमरे का डीबीआर आदि चोरी हो गया। चोरों ने कैमरे से बचने डीबीआर चुराया और तार भी काट दिए। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 34 के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की।

शिकायत दर्ज होने के बाद इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय जितेन्द्र शुक्ला ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसके बाद एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव पाण्डेय व कोतवाली थाना प्रभारी महेश ध्रुव के नेतृत्व में एसीसीयू एवं थाना दुर्ग की एक संयुक्त टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी के लिए लगाया गया। पुलिस की टीम संदेहियों पर नजर रख रही थी। जेल से छूटे व आदतन अपराधियों से पूछताछ के साथ ही घटना स्थल के आसपास लगे सीसी टीवी फुटेज को खंगाले गए।

इस दौरान पुलिस को फुटेज में एक व्यक्ति प्रार्थी के घर के सीसीटीवी कैमरे के केबल को काटता दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस ने फुटेज के आधार पर शिवपारा दुर्ग निवासी अमन यादव, दिपेश कुमार व उसके दो नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी पहले तो पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया और बाद में अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ में आरोपी अमन ने बताया कि उसने अपने साथी दीपेश व दो नाबालिगों के साथ मिलकर योजना बनाई।

### पुलिस ने जमीन खोदकर बरामद किए जेवर

चोरों ने प्रवीण सेन के सूने मकान से सोने का हार, सोने की मांग टीका, सोने की अंगूठी, सोने का लाकेट, सोने का टाप्स, एवं चांदी का पायजेब, चांदी का करधन, चांदी का लच्छा, चांदी का पायल, चांदी का पायल, चांदी का चेन, चांदी का बिछिया एवं घर में लागे म्युजिक सिस्टम व घर में लगे कैमरे की डीवीआर एवं सेटअप बॉक्स चोरी किया। घर से चुराई गई नगदी खर्च करने व सोने व चांदी के जेवर को अमन ने अपने घर पर गाड़ने की बात बताई। आरोपी की अमन की निशानदेही पर पुलिस ने जमीन खोदकर जेवर बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 लाख 50 हजार के सोने के जेवर और दो किलो यानी 1 लाख 40 रुपए के चांदी के जेवर बरामद किए। साथ ही म्युजिक सिस्टम, सेटअप बाक्स, व घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एच एफ डीलक्स बरामद किया। इस पूरी कार्रवाई में एसीसीयू से एएसआई चन्द्रशेखर सोनी, राजेश पाण्डेय, थाना दुर्ग के एएसआई दास, एसीसीयू से प्रधान आरक्षक रूमन सोनवानी, चंद्र शेखर बंजीर, आरक्षक खुर्रम बक्श, जी. रवि, मोह. फारूक, धीरेन्द्र यादव, सनत भारती, तिलेश्वर राठौर, शीकत हयात, नरेन्द्र सहारे, विक्रान्त यदु अश्वनी यदु, मेघराज चेलक की सराहनीय भूमिका रही ।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी चूड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

# केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग, मची अफरा-तफरी

## केमिकल से भरे ट्रक में भी हुआ ब्लास्ट, देर रात आग पर पाया काबू

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में सोमवार शाम को JMD केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग के कारण फैक्ट्री के भीतर केमिकल से भरे टैंकर में ब्लास्ट हो गया। देर शाम फायर ब्रिगेड को सूचना मिली। इसके बाद फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंची और लगभग 5 से 6 घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग के कारण फैक्ट्री मालिक को करोड़ों का नुकसान होने की बात कही जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार जानकारी के मुताबिक जेएमडी केमिकल फैक्ट्री में कई तरह के कैमिकल स्टोर किया जाता है। यहां पर पेंट में मिलाने से लेकर अन्य कार्यों में इस्तेमाल होने वाला केमिकर स्टोर होता है। सोमवार की शाम 6 बजे के बाद अचानक यहां आग भड़कने लगी। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री के अंदर एक केमिकल से भरा हुआ टैंकर और एक केमिकल के गेलन से लोड ट्रक में भिड़त हुई और आग भड़क गई। आग लगने के बाद चीख पुकार मच गई। फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारी कुछ समझ पाते उससे पहले ही आग की बड़ी बड़ी लपटें निकलने लगी।

इसके बाद इसकी सूचना छावनी व जामुल पुलिस व फायर ब्रिगेड को दिया गया। करीब 7:30 बजे फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का आना शुरू हुआ और आग पर काबू पाने के प्रयास तेज हुए। आग की भयावहता को देखकर बीएसपी, एसीसी, जेके लक्ष्मी से फायर ब्रिगेड की एक के बाद एक कुल 8 गाड़ियां मौके पर पहुंची। देर रात लगभग 11 बजे तक आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना के बाद एसपी जितेन्द्र शुक्ला सहित चार थानों का बल वहां पहुंचा। देर रात आग पर काबू पाने के बाद राहत की सांस ली गई।



### जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी

आग की सूचना मिलने पर सांसद विजय बघेल, भिलाई मेयर नीरज पाल, भाजपा नेता मनीष पाण्डेय, भाजपा के भिलाई जिलाध्यक्ष महेश वर्मा, भोजराज सिन्हा आदि भी मौके पर पहुंचे। आग को लेकर जनप्रतिनिधियों ने फैक्ट्री संचालक की लापरवाही को एक कारण बताया। कैमिकल फैक्ट्री होने के बाद भी यहां आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। समय रहते फैक्ट्री के कर्मचारी अलर्ट नहीं होते तो कई लोगों की जान भी जा सकती थी। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

### 25 मिनट के भीतर भेजी गाड़ियां

जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार ने बताया कि आग बुधवार शाम 6 बजे लगी और उनके पास 6.45 बजे फोन आया। आग लगने की सूचना मिलते ही उन्होंने 25 मिनट के भीतर चार दमकल गाड़ियां भेज दी। इसके बाद भी आग तेजी से फैल रहा था। इसे देखते हुए बीएसपी, एसीसी, जेके लक्ष्मी और रायपुर से भी गाड़ियां मंगाई और आग पर काबू पाया गया। लगभग 11 बजे के आसपास दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। आग कैसे लगी इसका कोई कारण स्पष्ट नहीं है जांच के बाद इसका कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## खास - खबर

### सेल ने वित्त वर्ष 2023-24 में अब तक का सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन और विक्रय हासिल किया

**भिलाई**। इस्पात मंत्रालय की महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (सेल) ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान हॉट मेटल, क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील का अब तक का सर्वाधिक उत्पादन हासिल किया है, जो एक मील का पत्थर है। सेल ने वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में हॉट मेटल उत्पादन में 6त्न, क्रूड स्टील उत्पादन में 5त्न और सेलेबल स्टील उत्पादन में 7त्न की वृद्धि दर्ज की। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 20.5 मिलियन टन हॉट मेटल, 19.2 मिलियन टन क्रूड स्टील और 18.4 मिलियन टन सेलेबल स्टील का उत्पादन किया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान अब तक की सर्वाधिक विक्रय 17.1 मिलियन टन हासिल किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले 5त्न से अभी अधिक है। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय इस्पात बाजार की बढ़ती मांग के साथ कंपनी के रणनीतिक तालमेल को दिया। उन्होंने बदलती बाजार जरूरतों के प्रति उत्तरदायी रहते हुए कंपनी की उत्पादन क्षमताओं को और बढ़ाने की सेल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

### निगम क्षेत्र के तालाबों को भरने नहर नालो की सफाई

**भिलाई**। तांदुला जलाशय से छोड़े गये पानी को नहर के माध्यम से तालाबो में पहुंचाने के लिए भिलाई निगम क्षेत्र के नहर नालो की सफाई युद्व स्तर पर किया जा रहा है। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम क्षेत्र के तालाबो को भरने के लिए जलाशय से छोड़े जाने वाले पानी बिना कचरे के साफ-सुथरा तालाब में पहुँचे इसके लिए सभी जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये थे। जोन का अमला युद्व स्तर पर नहर नालो की सफाई में जुटा हुआ हैं स्मृति नगर बोगदा पुलिया से सड़क के समान्तर चलने वाले नहर, खम्हरिया जुनवानी पेट्रोल पम्प के पीछे नहर, घासीदास नगर, खुर्सीपार, हुड़को, सेक्टर 8 सहित सम्पूर्ण निगम क्षेत्र से गुजरने वाले नहर तथा बड़े नाला की सफाई किया जा रहा है। घासीदास नगर के नहर नाली में किये अतिक्रमण हो हटाया भी गया है।

### हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के अभिषेक शर्मा ने राष्ट्रीय युवा उत्सव में जीते दो पुरस्कार

**दुर्ग**। हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग के टीम के प्रतिभागी तथा श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई के बीए अंतिम वर्ष के नियमित छात्र अभिषेक शर्मा ने पंजाब कृषि विष्वविद्यालय, लुधियाना में आयोजित नेषनल युवा उत्सव में हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 02 पुरस्कार प्राप्त किये। यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि अभिषेक शर्मा ने कोलाज मेकिंग में नेषनल स्तर पर तृतीय एवं ऑन द स्पॉट पेंटिंग में पूरे भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अभिषेक की इस सफलता पर विष्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा एवं कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप एवं समस्त अधिकारियों ने बधाई दी। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि इससे पूर्व फरवरी 2024 में मैसूर में आयोजित साउथ ईस्ट जोनल स्तरीय युवा उत्सव में अभिषेक ने उक्त दोनों विधाओं में तृतीय स्थान प्राप्त कर नेषनल युवा उत्वस में शामिल होने की पात्रता प्राप्त की थी। अभिषेक के साथ लुधियाना गये टीम मैनेजर, अनिल मेनन ने बताया कि कोलाज मेकिंग में प्रतिभागियों को दो विषय वन्य जीवन तथा किसी का पोट्रेट बनाना दिया गया था।

# आयुक्त पंहुचे पोलसाय तालाब के निरीक्षण करने, दिए प्रतिदिन सफाई करने निर्देश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग**। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर निगम स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व अमला के साथ तालाबों के निरीक्षण करने पंहुचे। नगर निगम क्षेत्र के तालाबों को संवारने का काम किया जा रहा है। इसी के तहत आज पोलसाय पारा तालाब की साफसफाई के निर्देश अधिकारी को दिए।सोमवार को निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने पोलसायपारा तालाब एवं क्षेत्र सहित स्टेशन रोड का निरीक्षण कर जायजा लिया।

उल्लेखनीय है कि आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने दुर्ग निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले तालाबों को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को दिए हैं।आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने वार्ड क्रमांक 27 पोलसायपारा तालाब परिसर पहुंचे।वहां उन्होंने तालाब के आसपास के पूरे परिसर की सघन सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।उन्होंने कहा तालाब परिसर के आस पास विशेष सफाई कर पौधे लगाए ताकि पौधे बड़े होकर छांव प्रदान करे।उन्होंने प्रतिदिन शहर क्षेत्र के सभी तालाबो के आसपास के पूरे परिसर की सघन सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा तालाबो की साफसफाई पर विशेष ध्यान रखें ताकि घूमने आने वालों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। लोग यहां घूमने के लिए आ सकें।सफाई को लेकर लोगों से फीडबैक भी लिए।आयुक्त ने तालाब के निरीक्षण के दौरान घूमने आए हुए लोगों से भी सफाई को लेकर चर्चा की और फीडबैक लिया।

लोगों से उन्होंने पूछा कि क्या यहां नियमित रूप से सफाई की जाती है।वहीं लोगों की शिकायत पर उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि सड़क किनारे विद्युत पोल सहित चौक चौराहो से अवैध बैनर,पोस्टर निकलवाये साथ ही आयुक्त ने कहा कि नालियों की गैंग लगाकर सफाई कराई जाए।

दुकानदार द्वारा गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना की कार्रवाही भी किया जाये।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि सड़क किनारे वार्डो के भीतर सरकारी सड़क पर भवन निर्माण सामग्री या मलबा सड़क पर डाला तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा बल्कि सामग्री को जब्त कर जुर्माना लगाया जाएगा।भवन निर्माण सामग्री डालकर सड़क को घेरने वाले स्थानों को चिन्हित करने का काम भी कर्मचारियों को सौंपा गया। किसी का घर टूट रहा हो या फिर नए निर्माण हो रहे हो तो मलबे और भवन निर्माण सामग्री को सड़क पर डाल दिया जाता है।

# समय सीमा में पूर्ण करे कार्यः मोरिद में दो दिन का पानी शेष, आयुक्त ने लिखा पत्र



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली**। बढ़ती गर्मी और पेय जल समस्या को देखते हुए निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने सिंचाई विभाग को पत्र लिख पानी की मांग की है। सोमवार को मोरिद जलाशय व फिल्टर प्लांट का निरीक्षण की। यहां से डूंडेरा और पुरैना के नागरिकों को पेय जल उपलब्ध कराया जाता है। खास बात यह है कि मोरिद जलाशय में केवल 2 दिन का पानी शेष है।

निगम आयुक्त मार्निग विजिट के तहत मोरिद पहुंची। यहां पर उन्होंने पहले इंटक वेल देखी। जलाशय में पानी कम होने पर विभाग प्रमुख से पानी डिमांड पत्र भेजे जाने संबधी पूछ ताछ की। अधिकारियों ने बताया कि पत्र के अलावा स्मरण पत्र भी भेजा जा चुका है। आयुक्त ने तत्काल निर्देश दिए कि पुन: पत्र लिख पानी की मांग की जाए। आयुक्त ने इसके बाद रिसाली निगम का फिल्टर प्लांट का निरीक्षण की। पेयजल शुद्धिकरण में मिलाए जाने वाले एलम के स्टाक के बारे में जानकारी ली।

### हर हाल में शुद्धता जांच हो

मोरिद फिल्टर प्लांट से पुरैना और डुंडेरा की लगभग 20 हजार आबादी को पेय जल उपलब्ध कराया जाता है। ग्रामीण परिवेश वाले दोनो ही जगहों पर दो समय नल के माध्यम से पानी दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिए कि पानी की शुद्धता हर रोज जांच की जाए। इसमें कोताही न बरते।

### समय में पूरा हो काम

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने डुंडेरा, जोरा तराई में बने मतदान केंद्र का निरीक्षण भी की। इस दौरान उन्होंने स्कूल में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का अवलोकन की। उन्होंने निर्देश दिए कि जून तक निर्माण कार्य पूर्ण हो जाए। ताकि नए भवन का लाभ बच्चो को मिल सके।

# सीए भिलाई ब्रांच द्वारा दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का किया गया आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सीए भिलाई ब्रांच द्वारा दो दिवसीय नेशनल कांफ्रें स का आयोजन सीए भवन सिविक सेंटर में किया गया। बैंक ऑडिट एवं कंपनी ऑडिट कंप्लायंस विषय पर आयोजित इस दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस में वक्ताओं ने फॉरेंसिंक ऑडिट की बारिकियों पर चर्चा की एवं साथ ही किस तरह से बैंकों में एनपीए किया जाता है, इसकी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में दिल्ली, नोएडा, मुंबई, सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए वक्ताओं ने शिरकत की और महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।



कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर की गई। तत्पश्चात सीएस नितिन अग्रवाल ने प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के लिए लाये गए डीमैट के प्रावधान पर अपनी व्याख्यान व्यक्त की। सीए चेतन दलाल ने ऑडिट के वक्त फ्रॉड और फॉरेंसिक ले एंगल को किस तरह से देखना चाहिए उसके बारे में विस्तार से बताया। सीए अंकेश व्यास, सीए लोकेश गुप्ता ने बैंक ऑडिट के संबंधित किस तरह से बैंकों में एनपीए किया जाता है और बैंक के ऑडिट करते समय किन चीज़ो का ध्यान रखना चाहिए उसके बारे में बताया। सीए इंदरजीत कौर ने कंपनी एक्ट में नॉन रिपोर्टिंग एंटिटीज के फॉर्मेट के बदलाव को समझाया एवं सीए असीम त्रिवेदी ने आज के सबसे महत्वपूर्ण टॉपिक ऑडिट ट्रेल और ऑडिट लाग जो प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों के लिए या किसी भी कंपनी के लिए मेंडेटरी हो गया है, उसके न किए जाने के परिणाम और रिपोर्ट में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता सीए अभय छाजेड़ ने बैंक की लॉन्ग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट को पॉइंट तो पॉइंट चर्चा कर समझाया। साथ ही दो दिवसीय कार्यक्रम में सीए एलएन अग्रवाल और सीए एससी लेखवानी पैनल स्पीकर के रूप में मौजूद रहे और उन्होंने सारी ऑडियंस की छोटे-बड़े सभी सवालों के जवाब दिये। इस कार्यक्रम में एटमास्टको के सीएफ्ओ सीए जी वेंकट रमन का भी विशेष रूप सामान किया गए। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में सीए चेतन दलाल मुंबई, सीए अभय छाजेड़ इंदौर, सीए लोकेश गुप्ता दिल्ली, सीए असीम त्रिवेदी इंदौर उपस्थित थे। कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक सीए राकेश ढोढी अवं सीए अरविन्द सुराणा, ब्रांच चेयरमेन सीए राहुल बत्रा, सीए धवल शाह, सीए रजत अग्रवाल बिलासपुर, सीए अंकेश सिन्हा, सीए प्रदीप पाल, सीए पायल जैन, सीए एनके टांक, सीए श्रीकांत, सीए हर्ष जैन, सीए मिनेश जैन, सीए करन गंगवानी, सीए प्रियेश लेखवानी, सीए तलबिंदर सैनी, सीए प्रभजीत सिंह, सीए चिनय सोलंकी सहित बड़ी संख्या में सीए सदस्य उपस्थित रहे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका कर्मियों के लिए फेस बायोमेट्रिक अटेंडेंस मॉनिटरिंग सिस्टम का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत ठेका कर्मियों के उपस्थिति रिकॉर्ड में अधिकतम सुरक्षा और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए फेस रिकग्निशन-आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया गया। जिसका उद्घाटन 01 अप्रैल 2024 को स्टील मेल्टिंग शॉप-3 विभाग में किया गया। सेल की सभी इकाइयों में बीएसपी पहली इकाई है, जिसने अपने ठेका कर्मियों की उपस्थिति, ओवरटाइम और दैनिक कार्य अवधि को व्यवस्थित करने के लिए इन बायोमेट्रिक अटेंडेंस मॉनिटरिंग सिस्टम को स्थापित किया है।



बायोमेट्रिक उपस्थिति निगरानी प्रणाली का उद्घाटन, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार और कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक ए बी श्रीनिवास, महाप्रबंधक शीजा पी मैथ्यू, महाप्रबंधक रविशंकर, महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोज, महाप्रबंधक बी जंगपांगी, महाप्रबंधक यतेंद्र कुमार, महाप्रबंधक एम पी सिंह, महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा, महाप्रबंधक डी विजिथ, महाप्रबंधक पी के सिंह, महाप्रबंधक जे एन ठाकुर, महाप्रबंधक एच शेखर और महाप्रबंधक पी सतपथी, उप महाप्रबंधक अजय कुमार, उप महाप्रबंधक विकास चन्द्रा, वरिष्ठ प्रबंधक रोहित हरित, प्रबंधक निवेश विजयन, वरिष्ठ प्रबंधक अखिलेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारीगण, विभागीय कर्मचारी और ठेका कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने अपने संबोधन में कहा, कि यह अनूठी पहल सभी संबंधित विभागों के सामूहिक प्रयासों से संभव हुई है। उन्होंने कहा, यह वास्तव में बीएसपी बिरादरी के लिए गर्व की बात है। इसका मुख्य उद्देश्य, कार्यस्थल को अधिक अनुशासित और व्यवस्थित बनाना है। बायोमेट्रिक सिस्टम, उपस्थिति दर्ज करने में अत्यधिक कुशल और त्वरित होने के अलावा संयंत्र में कर्मियों के कामकाज को नियमित करने में भी मदद करेगा।

कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा, कि भिलाई इस्पात संयंत्र न केवल उत्पादन में बल्कि समय-समय पर अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए भी ऐसे अनूठे नवाचारों को शामिल करने में भी अग्रणी रहता है। जल्द ही, ये फेस रिकग्निशन-आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस मॉनिटरिंग सिस्टम, संयंत्र के अन्य विभागों में भी नियमित कर्मचारियों के लिए स्थापित किए जाएंगे। पवन कुमार ने, मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी एवं बीई) श्रीमती निशा सोनी की उपस्थिति में मानव संसाधन केंद्र में इसी तरह के फेस रिकग्निशन-आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस मॉनिटरिंग सिस्टम का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सूरज कुमार सोनी, महाप्रबंधक अनुराधा सिंह एवं महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी सहित विभागीय कर्मचारी एवं ठेका कर्मी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि फेस रिकग्निशन-आधारित बायोमेट्रिक अटेंडेंस मॉनिटरिंग सिस्टम उच्च-गुणवत्ता वाले सेंसर का उपयोग करता है, जो एक सेकंड के भीतर व्यक्ति के चेहरे को प्रमाणित करता है। साथ ही उपस्थिति, मार्किंग टाइम और जियोलोकेशन को कैप्चर करता है। स्पर्श रहित यह विधि एक सफल निवारक उपाय है, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी जैसी संक्रामक स्थितियों के दौरान।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज

**दुर्ग**। दुर्ग में 7 मई को लोक सभा चुनाव की तैयारियाँ तेज,नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने उपआयुक्त मोहेंद्र साहू के साथ सुराना कॉलेज एवं चंद्रशेखर आजाद स्कूल के मतदान केंद्र में पहुँचकर मतदान पूर्व दीवारों पर लिखे (लिखन) वॉल पेंटिंग सहित आदि का अवलोकन किया।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950